# 8 Translation
## (Hindi to English)

अंग्रेजी भाषा को शुद्ध एवं सरल रूप में पढ़ने, बोलने एवं लिखने के लिए अनुवाद के नियमों का ज्ञान परम आवश्यक होता है। नियमों के साथ-साथ शब्द ज्ञान भी अत्यन्त आवश्यक है। यहाँ यह भी जान लेना चाहिए कि अनुवाद को रटने की अपेक्षा उसे समझना चाहिए। अतः अनुवाद का सतत् अभ्यास शब्द ज्ञान में वृद्धि तो करता ही है, साथ ही अंग्रेजी भाषा की विस्तृत जानकारी भी कराता है। हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद हेतु 10 अंक निर्धारित हैं।

## अनुवाद के सामान्य नियम

**1.** अंग्रेजी भाषा के वाक्यों को सामान्यतः दो भागों में विभाजित किया जा सकता है—

(i) ऐसे वाक्य जिनमें Action (कार्य) की स्थिति नहीं होती है। ऐसे वाक्यों को '**To be**' (होना) के वाक्य माना जाता है। इन्हें दो भागों में विभाजित किया जा सकता है—

(a) Is, am, are—Present Tense में प्रयोग होते हैं; जैसे—
- (i) **I am** a boy.
- (ii) She **is** a girl.
- (iii) You **are** a teacher.

(b) Was, were—Past Tense में प्रयोग होते हैं; जैसे—
- (i) He **was** a boy.
- (ii) They **were** farmers.

(ii) ऐसे वाक्य जिनमें Action (कार्य) अवश्य होता है और यह क्रिया द्वारा व्यक्त किया जाता है। ऐसे वाक्य दो प्रकार के होते हैं; जैसे—

(a) Active Voice (कर्तृ वाच्य) जैसे—
- Ram **writes** a letter.

(b) Passive Voice (कर्म वाच्य) जैसे—
- A letter **is written** by Ram.

**2.** अनुवाद करते समय अंग्रेजी भाषा के वाक्यों की बनावट का विशेष ध्यान रखना चाहिए। साधारण वाक्यों में वाक्यों का क्रम इस प्रकार होता है—सर्वप्रथम कर्त्ता (Subject), उसके बाद क्रिया (Verb) तथा बाद में पूरक (Complement) या कर्म (Object) जैसी स्थिति हो।

**सूत्र = Subject + Verb + Complement/Object.**

**3.** अंग्रेजी भाषा में Agreement of the Verb का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

(i) यदि कर्त्ता Singular Number में है तो क्रिया भी Singular Number में ही होनी चाहिए। यहाँ ध्यान रखिए कि सभी मुख्य क्रियायें (Finite Verb) Plural Number होती है; उनके अन्त में 's' या 'es' लगाने पर वे Singular Number में बदल जाती हैं।

(ii) यदि कर्त्ता Plural Number में है तो क्रिया भी Plural Number में लिखी जाती है—

> **सूत्र**—Singular Subject = Singular Verb
> Plural Subject = Plural Verb अर्थात्
> S = S
> P = P

**4.** अनुवाद करते समय Sequence of Tenses का ध्यान रखना चाहिए।

**5.** अंग्रेजी भाषा में Punctuation का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान होता है। अतः Full stop, Question mark, Comma, Inverted Commas आदि का प्रयोग सावधानीपूर्वक करना चाहिए।

**6.** शब्द-भण्डार (Vocabulary) अनुवाद का प्राण है। अतः शब्दों का ज्ञान बढ़ाना चाहिए।

**7.** यथासंभव वाक्य छोटे, सरल तथा शुद्ध होने चाहिए।

**8.** अनुवाद के लिए Tense का ज्ञान होना चाहिए। इसका विस्तृत विवेचन आगे दिया गया है।

●

# *Verb 'To Be'*

## (Present Tense—*Is, Am, Are*)

*निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—*

### Affirmative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वह एक ईमानदार लड़का है। | He is an honest boy. |
| 2. | सीता मेरी बड़ी बहन है। | Sita is my elder sister. |
| 3. | तुम एक अध्यापक हो। | You are a teacher. |
| 4. | मै बहुत भूखा हूँ। | I am very hungry. |

### Negative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वह एक ईमानदार लड़का नहीं है। | He is not an honest boy. |
| 2. | सीता मेरी बड़ी बहन नहीं है। | Sita is not my elder sister. |
| 3. | तुम एक अध्यापक नहीं हो। | You are not a teacher. |
| 4. | मैं बहुत भूँखा नहीं हूँ। | I am not very hungry. |

### Interrogative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | क्या वह एक ईमानदार लड़का है? | Is he an honest boy? |
| 2. | क्या सीता मेरी बड़ी बहन नहीं है? | Is Sita not my elder sister? |
| 3. | क्या तुम एक अध्यापक हो? | Are you a teacher? |
| 4. | क्या मैं बहुत भूखा नहीं हूँ? | Am I not very hungry? |
| 5. | तुम यहाँ क्यों हो? | Why are you here? |

***पहचान—***

'To be' वाक्यों में किसी भी प्रकार का Action (कार्य) नहीं होता है। इनके अन्त में है, हैं, हो, हूँ शब्दों का प्रयोग किया जाता है।

***नियम—***

- I के साथ am का प्रयोग होता है।
- he, she, it, this, that तथा एकवचन के कर्त्ता के साथ is तथा you, they, we, these, those तथा बहुवचन के कर्त्ता के साथ are का प्रयोग किया जाता है।
- Negative वाक्य की बनावट **Subject + is/am/are + not + complement** होता है।
- Interrogative वाक्यों का क्रम—**Is/am/are + subject + not + complement + other words + question mark (?)** होता है।
- यदि प्रश्नवाचक शब्दों से प्रश्न किया गया है तो उसकी बनावट का क्रम—**Question Word + is/am/are + subject + complement** होता है।

## Exercise :: 1

***Translate the following sentences into English :***

(1) मैं एक **चिकित्सक** हूँ। (2) तुम राजकीय इण्टर कॉलेज के छात्र हो। (3) सीता एक **आदर्श** महिला है। (4) वह मेरा **घनिष्ठ** मित्र है। (5) तुम ईमानदार नहीं हो। (6) वह एक **सज्जन** आदमी नहीं है। (7) क्या आम **मीठा** होता है? (8) क्या गर्मियों में दिन **बड़े** होते हैं? (9) क्या वह एक नर्स है? (10) क्या माता जी कमरे में नहीं हैं? (11) क्या मुम्बई **बड़ा** नगर है? (12) वह कमरे में क्यों नही है? (13) इलाहाबाद भारत का **प्राचीन** नगर है। (14) लखनऊ उत्तर प्रदेश की **राजधानी** है। (15) क्या दिल्ली भारत की राजधानी है? (16) दूध मीठा होता है। (17) क्या हिन्दी **मातृभाषा** है? (18) कमरे में कौन है? (19) क्या वह अंग्रेजी में **तेज** है? (20) क्या कुत्ता **पालतू जानवर** नहीं है?

***Difficult Words :*** चिकित्सक = doctor, आदर्श = ideal, घनिष्ठ = close, सज्जन = gentle, मीठा = sweet, बड़े = long, बड़ा = big, प्राचीन = ancient, राजधानी = capital, मातृभाषा = mother tongue, तेज = expert, पालतू = pet, जानवर = animal.

# *Verb 'To Be'*

(Past Tense—*was, were*
Future Tense—*'shall be'* or *'will be'*)

***निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—***

### Affirmative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वह कक्षा में उपस्थित था। | He was present in the class. |
| 2. | मैं कमरे में था। | I was in the room. |
| 3. | आम मीठे थे। | The mangoes were sweet. |
| 4. | वे मैदान में थे। | They were in the field. |
| 5. | वह मेरे घर पर होगी। | She will be at my home. |

## Negative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वह कक्षा में उपस्थित नहीं था। | He was not present in the class. |
| 2. | मैं कमरे में नहीं था। | I was not in the room. |
| 3. | आम मीठे नहीं थे। | The mangoes were not sweet. |
| 4. | वे मैदान में नहीं थे। | They were not in the field. |
| 5. | वह मेरे घर पर नहीं होगी। | She will not be at my home. |

## Interrogative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | क्या वह कक्षा में उपस्थित था? | Was he present in the class? |
| 2. | क्या मैं कमरे में नहीं था? | Was I not in the room? |
| 3. | क्या आम मीठे थे? | Were the mangoes sweet? |
| 4. | क्या वे मैदान में नहीं थे? | Were they not in the field? |
| 5. | तुम यहाँ क्यों नहीं थे? | Why were you not here? |
| 6. | वह कौन थी? | Who was she? |

***पहचान***—इस प्रकार के वाक्यों मे भी Action (कार्य) नहीं होता है। क्रिया के स्थान पर था, थे, थी आदि शब्द प्रयोग होते हैं।

***नियम***—

- I, he, she, it, this, that तथा एकवचन के कर्त्ता के साथ 'was' का तथा you, we, they, these, those तथा बहुवचन के कर्त्ता के साथ 'were' का प्रयोग होता है।
- वाक्य में शब्दों का क्रम Present Tense की ही भाँति होता है।
- Future Tense में I तथा We के साथ 'shall be' तथा अन्य कर्त्ताओं के साथ 'will be' का प्रयोग होता है।

# Exercise :: 2

***Translate the following sentences into English :***

(1) वह शहर में नहीं था। (2) अटल बिहारी बाजपेयी भारत के **प्रधानमंत्री** थे। (3) राणा प्रताप **देशभक्त** थे। (4) क्या **पुजारी मन्दिर** में नहीं था? (5) क्या वह **अँगूठी** मेरी थी? (6) क्या तुम्हारी बहन मोटी थी? (7) क्या तुम आलसी नहीं थे? (8) क्या यह बाग उसका था? (9) वह **होनहार** लड़का था। (10) क्या वे घर पर नहीं थे? (11) वह मेरे मित्र का लड़का था। (12) तुम वहाँ नहीं होगे। (13) क्या तुम्हारी माता जी **रसोईघर** में नहीं होंगी? (14) तुम आज मैच में नहीं होगे। (15) क्या लड़कियाँ अपनी कक्षा में होंगी? (16) क्या **डाकिया** कल छुट्टी पर नहीं था। (17) क्या राम का भाई किसान था? (18) क्या फूल **सुन्दर** नही थे? (19) वे कहाँ **उपस्थित** थे? (20) तुम्हारे पिता जी कमरे में नहीं होंगे। (21) वह **लम्बा** लड़का नहीं था।

***Difficult Words :*** प्रधानमंत्री = Prime Minister, देशभक्त = patriot, पुजारी = priest, मन्दिर = temple, अँगूठी = ring, होनहार = promising, रसोईघर = kitchen, डाकिया = postman, सुन्दर = beautiful, उपस्थित = present, लम्बा = tall.

# *The Verb 'To Have'*

*(Use of has, have, had)*

'To have' का प्रयोग मुख्य क्रिया (Main Verb) के रूप में दो प्रकार से किया जाता है—

- To have = to possess (रखना या पास होना)
- To have = to take or to receive (लेना या पाना)

**निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—**

***पहले अर्थ में—***

## Affirmative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मेरे पास दो पुस्तकें हैं। | I have two books. |
| 2. | उसके पास एक कार है। | He has a car. |
| 3. | अंकिता की दो बहनें हैं। | Ankita has two sisters. |
| 4. | कमला के पास एक काली गाय थी। | Kamla had a black cow. |
| 5. | उनके पास मकान है। | They have a house. |

## Negative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मेरे पास दो पुस्तकें नहीं हैं। | I have not two books. |
| 2. | उसके पास एक कार नहीं है। | He has not a car. |
| 3. | अंकिता की दो बहनें नहीं हैं। | Ankita has not two sisters. |
| 4. | कमला के पास एक काली गाय नहीं थी। | Kamla had not a black cow. |
| 5. | उनके पास मकान नहीं है। | They have no house. |

## Interrogative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | क्या मेरे पास दो पुस्तकें हैं? | Have I two books? |
| 2. | क्या उसके पास एक कार है? | Has he a car? |
| 3. | क्या अंकिता की दो बहनें हैं? | Has Ankita two sisters? |
| 4. | क्या कमला के पास एक काली गाय थी? | Had Kamla a black cow? |
| 5. | उनके पास मकान क्यों नही है? | Why have they no house? |

***नियम—***

- He, she, it तथा Singular Number के Subject के साथ 'has' तथा I, we, they तथा Plural Number के कर्त्ता के साथ 'have' का प्रयोग किया जाता है।
- Had का प्रयोग Past Tense में Singular तथा Plural दोनों प्रकार के Subjects के साथ किया जाता है।
- वाक्य का क्रम—**Subject + has/have/had + complement + other words.**
- Negative Sentences में has/have/had के बाद Not या No का प्रयोग किया जाता है।
- Interrogative Sentences में has/have/had का प्रयोग कर्त्ता के पहले किया जाता है।
- वाक्य के अन्त में प्रश्नवाचक का चिह्न (?) लगाया जाता है।
- यदि Noun के पहले Adjective का प्रयोग हुआ है तो 'Not' का प्रयोग कीजिए अन्यथा 'No' का प्रयोग करना चाहिए। जैसे—
  1. He has **not a big** house.
  2. He has **no house**.

***निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—***
***'To have' के दूसरे प्रकार के प्रयोग के अर्थ में—***

## Affirmative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मेरे सिर में दर्द है। | I have a headache. |
| 2. | वह सुबह 8 बजे नाश्ता करता है। | He has his breakfast at 8 a.m. in the morning. |
| 3. | तुम्हें बुखार है। | You have fever. |
| 4. | उसने कल होटल में दोपहर का खाना खाया। | He had his lunch in a hotel yesterday. |

## Negative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मेरे सिर में दर्द नहीं है। | I do not have a headache. |
| 2. | वह सुबह 8 बजे नाश्ता नहीं करता है। | He does not have his breakfast at 8 a.m. in the morning. |
| 3. | तुम्हें बुखार नहीं है। | You do not have fever. |
| 4. | उसने कल होटल में दोपहर का खाना नहीं खाया। | He did not have his lunch in a hotel yesterday. |

## Interrogative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | क्या मेरे सिर में दर्द नही है? | Do I not have a headache? |
| 2. | क्या वह सुबह 8 बजे नाश्ता नहीं लेता है? | Does he not have his breakfast at 8 a.m. in the morning? |
| 3. | क्या तुम्हें बुखार नहीं है? | Do you not have fever? |
| 4. | उसने होटल में कल दोपहर का खाना क्यों नहीं खाया? | Why did he not have his lunch in a hotel yesterday? |

***नियम—***
- इस प्रकार के वाक्यों के Negative तथा Interrogative form में do not does not या did not का प्रयोग संक्षेप में 'don't', 'doesn't', 'didn't' के रूप में किया जाता है।

# Exercise :: 3

***Translate the following sentences into English :***

(1) एक **अमीर व्यक्ति** के पास एक कार थी। (2) उसके पास एक गाय है। (3) गाय के चार पैर और एक **लम्बी पूँछ** होती है। (4) उसमें सच बोलने का **साहस** है। (5) कल मेरे सिर में दर्द नहीं था। (6) क्या तुम्हारे पास कलम नहीं है? (7) उसने **दोपहर का भोजन** होटल में नहीं किया। (8) तुम्हारे पास एक **वफादार** कुत्ता है। (9) उसके पास कोई कलम नहीं है। (10) राम के पास काला कोट क्यों नहीं था? (11) क्या उसके पास मकान नहीं है। (12) क्या तुम्हारे पास **बहुत** से खिलौने थे? (13) गीता के पास **गुड़िया** क्यों नहीं है? (14) मेरे मित्र के पास **टेलीविजन** नहीं था। (15) उसके दो आँखें हैं।

***Difficult Words :*** अमीर = rich, व्यक्ति = man, लम्बी = long, पूँछ = tail, साहस = courage, दोपहर का भोजन = lunch, वफादार = faithful, बहुत से = a lot of, गुड़िया = doll, टेलीविजन = television.

●

# *Introductory—'There'*

*निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—*

## Affirmative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | एक गाँव में एक बुढ़िया थी। | There lived an old woman in a village. |
| 2. | मई में 31 दिन होते हैं। | There are thirty one days in May. |
| 3. | घर में एक लड़की थी। | There was a girl in the house. |
| 4. | कक्षा में बीस छात्र हैं। | There are twenty students in the class. |
| 5. | विद्यालय में दस कमरे हैं। | There are ten rooms in the school. |

## Negative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | एक गाँव में एक बुढ़िया नहीं थी। | There was not an old woman in a village. |
| 2. | मई में 30 दिन नहीं होते हैं। | There are not thirty days in May. |
| 3. | घर में एक लड़की नहीं थी। | There was not a girl in the house. |
| 4. | कक्षा में 20 छात्र नहीं हैं। | There are not twenty students in the class. |
| 5. | विद्यालय में 10 कमरे नहीं हैं। | There are not ten rooms in the school. |

## Interrogative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | क्या एक गाँव में एक बुढ़िया रहती थी? | Did there live an old woman in a village? |
| 2. | क्या मई में 31 दिन होते हैं? | Are there thirty one days in May? |
| 3. | घर में एक लड़की क्यों नहीं थी? | Why was there not a girl in the house? |
| 4. | कक्षा में 20 छात्र क्यों हैं? | Why are there twenty students in the class? |
| 5. | क्या विद्यालय में 10 कमरे हैं? | Are there ten rooms in the school? |

***पहचान***—जब कर्त्ता के बाद है, हैं, था, थे, थी आये तो Introductory—'There' का प्रयोग होता है।

*नियम*—
- There के बाद ही Affirmative Sentences में 'To be' क्रिया का प्रयोग होता है।
- यदि 'To be' क्रिया के अतिरिक्त कोई अन्य क्रिया हो तो भी वह There के बाद ही प्रयोग की जाती है। उदाहरण संख्या 1 देखिए।
- Interrogative Sentences में 'To be' क्रिया There के पहले प्रयोग की जाती है।
- Negative Sentences में not, no, nobody आदि 'To be' क्रिया के बाद में ही प्रयोग किये जाते हैं।

# Exercise :: 4

***Translate the following sentences into English :***

(1) इस गाँव में एक **मन्दिर** है। (2) इस बाग में एक **तालाब** था। (3) मालवा में एक राजा था। (4) एक जंगल में एक शेर रहता था। (5) वहाँ कोई विद्यालय नहीं था। (6) विद्यालय में छात्र नहीं थे। (7) इस **सूचना** में कोई सच्चाई नहीं थी। (8) क्या तुम्हारे गाँव में कोई कुँआ नहीं था? (9) मार्च में 31 दिन होते हैं। (10) एक नगर में एक **स्मारक** था। (11) एक महान व्यक्ति यहाँ रहता था। (12) तुम्हारी कक्षा में कितने छात्र हैं? (13) बाहर दरवाजे पर कोई नहीं था। (14) क्या मेरी सहायता करने के लिए कोई नहीं है? (15) क्या कमरे में कोई नहीं था?

***Difficult Words :*** मन्दिर = temple, तालाब = pond, सूचना = news, स्मारक = monument.

# *Introductory—'It'*

***निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—***

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आज गर्मी अधिक है। | It is much hot today. |
| 2. | घर के बाहर अंधेरा है। | It is dark out side the house. |
| 3. | आज सोमवार है। | It is Monday today. |
| 4. | सुबह के सात बजे हैं। | It is seven O' clock in the morning. |
| 5. | मार्च का महीना था। | It was the month of March. |
| 6. | जोर से वर्षा हो रही थी। | It was raining heavily |
| 7. | यह वही है जिसने मेरी सहायता की। | It is he who helped me. |
| 8. | झूठ बोलना पाप है। | It is a sin to tell a lie. or To tell a lie is a sin. |

***नियम—***

- जिन वाक्यों में दिन, माह, समय, मौसम, वर्षा या प्राकृतिक घटना आदि का उल्लेख जोर देकर किया जाये, वहाँ It का प्रयोग होता है।
- जहाँ कर्ता का स्पष्ट उल्लेख न हो वहाँ भी It का प्रयोग कर्त्ता के स्थान पर होता है।
- It के साथ वर्तमान में is तथा भूतकाल के लिए was का प्रयोग किया जाता है।
- Negative तथा Interrogative Sentences के नियम 'There' की ही भाँति प्रयोग किये जाते हैं।

## Exercise :: 5

***Translate the following sentences into English :***

(1) मेरी घड़ी में चार बजे हैं। (2) आज मंगलवार है। (3) **सच बोलना** कठिन है। (4) आज ठण्ड है। (5) **मूसलाधार** वर्षा हो रही है। (6) यह वही है जिसने यह कार्य किया। (7) यह निश्चित है कि वह गरीब है। (8) मेरे लिए बैठना कठिन है। (9) रविवार की सुबह थी जब हम लोग सो रहे थे। (10) **आजकल** फैशन **जोरो पर** है। (11) नौकरी पाना एक कठिन कार्य है। (12) क्या इतने देर से आना आपके लिए **उचित** है? (13) यह आगरा से पचास किमी० दूर है। (14) क्या **समय बर्बाद करना** उचित था? (15) काम पूरा करना कठिन नहीं था।

***Difficult Words :*** सच बोलना = to speak truth, मूसलाधार = heavily, आजकल = now a days, जोरो पर = full swing, उचित = proper, समय बर्बाद करना = to waste time.

# *Finite Verb* ( मुख्य क्रिया )

मुख्य क्रिया (Finite Verb) के प्रयोग के लिए यह आवश्यक है कि पहले हम उनके रूप (Forms) को समझ लें। इसके लिए नीचे Finite Verbs की एक सूची दी जा रही है। छात्रों को इसे समझकर याद करना चाहिए जिससे विभिन्न Tenses के अनुवाद में उन्हें असुविधा या कठिनाई न हो।

## Forms of Verbs

☞ Verb क्रिया के चार रूप होते हैं—

- ❒ Present
- ❒ Past
- ❒ Past Participle तथा
- ❒ Ing Form

नीचे इनकी सूची दी जा रही है। इन्हें छात्र याद करने का प्रयास करें। इनकी त्रुटियों के कारण अनुवाद का कार्य शुद्ध रूप में नहीं किया जा सकता है।

## List of Strong Verbs

- **Group (I)**

कुछ Strong Verbs जिनकी Second और Third Forms, First Form के Vowel को बदलने से बनती हैं। जैसे—

| *Present form* | *अर्थ* | *Past form* | *Past Participle* | *ing form* |
|---|---|---|---|---|
| Awake | जागना | Awoke | Awoke, awoker | Awaking |
| Abide | रहना, ठहरना | Abode | Abode | Abiding |
| Become | होना | Became | Become | Becoming |
| Begin | आरम्भ करना | Began | Begun | Beginning |
| Bind | बाँधना | Bound | Bound | Binding |
| Behold | देखना | Beheld | Beheld | Beholding |
| Come | आना | Came | Come | Coming |
| Dig | खोदना | Dug | Dug | Digging |
| Drink | पीना | Drank | Drunk | Drinking |
| Fight | लड़ना | Fought | Fought | Fighting |
| Find | पाना | Found | Found | Finding |
| Get | पाना | Got | Got | Getting |
| Grind | पीसना | Ground | Ground | Grinding |
| Hold | पकड़ना | Held | Held | Holding |
| Ring | बजाना | Rang | Rung | Ringing |
| Run | दौड़ना | Ran | Run | Running |
| Shine | चमकना | Shone | Shone | Shining |
| Sit | बैठना | Sat | Sat | Sitting |
| Spin | कातना | Spun | Spun | Spinning |
| Spring | कूदना | Sprang | Sprung | Springing |
| Stand | खड़ा होना | Stood | Stood | Standing |
| Sink | डूबना, डुबाना | Sank | Sunk | Sinking |
| Stick | चिपकाना | Stuck | Stuck | Sticking |
| Sting | डंक मारना | Stung | Stung | Stinging |
| Strike | मारना | Struck | Struck | Striking |
| Swim | तैरना | Swam | Swum | Swimming |
| Shrink | सिकुड़ना | Shrank | Shrunk | Shrinking |
| Swing | झूलना | Swung | Swung | Swinging |
| Win | जीतना | Won | Won | Winning |
| Wind | दम फूलना<br>साँस लेने देना | Wound | Wound | Winding |
| Wring | निचोड़ना, ऐंठना | Wrung | Wrung | Wringing |

- **Group (II)**

कुछ Strong Verbs जिनका Past Tense, Present Tense के Vowel को बदलकर और Past Participle *en, ne* या *n* जोड़ने से बनता है। जैसे—

| ***Present form*** | ***अर्थ*** | ***Past form*** | ***Past Participle*** | ***ing form*** |
|---|---|---|---|---|
| Arise | उठना | Arose | Arisen | Arising |
| Bear | सहन करना, ले जाना | Bore | Borne | Bearing |
| Bear | जन्म देना | Bore | Born | Bearing |
| Bid | आज्ञा देना | Bade | Bidden | Bidding |
| Bite | दाँत से काटना | Bit | Bitten | Biting |
| Blow | हवा चलना | Blew | Blown | Blowing |
| Break | तोड़ना | Broke | Broken | Breaking |
| Beat | पीटना | Beat | Beaten | Beating |
| Choose | चुनना | Chose | Chosen | Choosing |
| Chide | फटकारना | Chid | Chidden | Chiding |
| Do | करना | Did | Done | Doing |
| Draw | खींचना | Drew | Drawn | Drawing |
| Eat | खाना | Ate | Eaten | Eating |
| Fall | गिरना | Fell | Fallen | Falling |
| Fly | उड़ना, उड़ाना | Flew | Flown | Flying |
| Forget | भूलना | Forgot | Forgotten | Forgetting |
| Freeze | जमना | Froze | Frozen | Freezing |
| Forbid | मना करना | Forbade | Forbidden | Forbidding |
| Forsake | छोड़ना | Forsook | Forsaken | Forsaking |
| Give | देना | Gave | Given | Giving |
| Grow | उगना, उगाना | Grew | Grown | Growing |
| Go | जाना | Went | Gone | Going |
| Hide | छिपना, छिपाना | Hid | Hidden | Hiding |
| Know | जानना | Knew | Known | Knowing |
| Lie | लेटना | Lay | Lain | Lying |
| Ride | चढ़ना | Rode | Ridden | Riding |
| Rise | उठना | Rose | Risen | Rising |
| See | देखना | Saw | Seen | Seeing |
| Shake | हिलाना, हिलना | Shook | Shaken | Shaking |
| Slay | मार डालना | Slew | Slain | Slaying |
| Speak | बोलना | Spoke | Spoken | Speaking |
| Steal | चुराना | Stole | Stolen | Stealing |
| Swear | शपथ लेना | Swore | Sworn | Swearing |
| Take | लेना | Took | Taken | Taking |
| Tear | फाड़ना | Tore | Torn | Tearing |
| Throw | फेंकना | Threw | Thrown | Throwing |
| Wear | पहनना | Wore | Worn | Wearing |
| Weave | बुनना | Wove | Woven | Weaving |
| Write | लिखना | Wrote | Written | Writing |

## List of Weak Werbs

**Weak Verbs** (निर्बल क्रियाएँ)—ये वे Verbs होते हैं जिनके Second और Third form, First form में *e, ed* या *t* लगाने से बनते हैं।

- **Group (I)**

  कुछ Weak Verbs जिनकी Second और Third forms एक जैसी होती हैं। जैसे—

| *Present form* | *अर्थ* | *Past form* | *Past Participle* | *ing form* |
|---|---|---|---|---|
| Abuse | गाली देना | Abused | Abused | Abusing |
| Accuse | अपराधी ठहराना | Accused | Accused | Accusing |
| Advise | सलाह देना | Advised | Advised | Advising |
| Allow | आज्ञा देना | Allowed | Allowed | Allowing |
| Answer | उत्तर देना | Answered | Answered | Answering |
| Agree | सहमत होना | Agreed | Agreed | Agreeing |
| Appear | दिखाई पड़ना | Appeared | Appeared | Appearing |
| Appoint | नियुक्त करना | Appointed | Appointed | Appointing |
| Arrive | पहुँचना | Arrived | Arrived | Arriving |
| Arrest | गिरफ्तार करना | Arrested | Arrested | Arresting |
| Ask | पूछना | Asked | Asked | Asking |
| Bleed | रक्त बहना | Bled | Bled | Bleeding |
| Bring | लाना | Brought | Brought | Bringing |
| Build | बनाना | Built | Built | Building |
| Bend | झुकना,झुकाना | Bent | Bent | Bending |
| Bathe | नहाना | Bathed | Bathed | Bathing |
| Believe | विश्वास करना | Believed | Believed | Believing |
| Beg | माँगना | Begged | Begged | Begging |
| Boast | डींग मारना | Boasted | Boasted | Boasting |
| Borrow | उधार लेना | Borrowed | Borrowed | Borrowing |
| Boil | उबालना | Boiled | Boiled | Boiling |
| Burn | जलना, जलाना | Burnt | Burnt | Burning |
| Catch | पकड़ना | Caught | Caught | Catching |
| Crow | बाँग देना | Crowed | Crowed | Crowing |
| Creep | रेंगना | Crept | Crept | Creeping |
| Cross | पार करना | Crossed | Crossed | Crossing |
| Call | पुकारना | Called | Called | Calling |
| Capture | पकड़ना | Captured | Captured | Capturing |
| Collect | एकत्रित करना | Collected | Collected | Collecting |
| Copy | नकल करना | Copied | Copied | Copying |
| Change | बदलना | Changed | Changed | Changing |
| Carry | ले जाना | Carried | Carried | Carrying |
| Care | परवाह करना | Cared | Cared | Caring |

| ***Present form*** | ***अर्थ*** | ***Past form*** | ***Past Participle*** | ***ing form*** |
|---|---|---|---|---|
| Clean | साफ करना | Cleaned | Cleaned | Cleaning |
| Clothe | कपड़े पहनना | Clothed | Clothed | Clothing |
| Climb | चढ़ना | Climbed | Climbed | Climbing |
| Close | बन्द करना | Closed | Closed | Closing |
| Cook | भोजन पकाना | Cooked | Cooked | Cooking |
| Conceal | छिपाना | Concealed | Concealed | Concealing |
| Confuse | घबराना | Confused | Confused | Confusing |
| Consult | सलाह देना | Consulted | Consulted | Consulting |
| Clear | स्पष्ट कर देना | Cleared | Cleared | Clearing |
| Complete | पूरा करना | Completed | Completed | Completing |
| Compare | तुलना करना | Compared | Compared | Comparing |
| Count | गिनना | Counted | Counted | Counting |
| Cry | चिल्लाना | Cried | Cried | Crying |
| Deal | व्यवहार करना | Dealt | Dealt | Dealing |
| Dream | स्वप्न देखना | Dreamt | Dreamt | Dreaming |
| Dwell | रहना | Dwelt | Dwelt | Dwelling |
| Die | मरना | Died | Died | Dying |
| Dive | गोता मारना | Dived | Dived | Diving |
| Dare | साहस करना | Dared | Dared | Daring |
| Defend | रक्षा करना | Defended | Defended | Defending |
| Decorate | सजाना | Decorated | Decorated | Decorating |
| Defeat | हराना | Defeated | Defeated | Defeating |
| Divide | बाँटना | Divided | Divided | Dividing |
| Drown | डुबाना, डूबना | Drowned | Drowned | Drowning |
| Dry | सुखाना | Dried | Dried | Drying |
| Enter | घुसना | Entered | Entered | Entering |
| Escape | बचना | Escaped | Escaped | Escaping |
| Earn | कमाना | Earned | Earned | Earning |
| Fail | असफल होना | Failed | Failed | Failing |
| Fell | (वृक्ष काटकर) गिराना | Felled | Felled | Felling |
| Fear | डरना | Feared | Feared | Fearing |
| Finish | समाप्त करना | Finished | Finished | Finishing |
| Float | तैरना, तैराना | Floated | Floated | Floating |
| Fine | जुर्माना करना | Fined | Fined | Fining |
| Feel | महसूस करना | Felt | Felt | Feeling |
| Face | सामना करना | Faced | Faced | Facing |
| Found | स्थापना करना | Founded | Founded | Founding |
| Flee | भागना | Fled | Fled | Fleeing |

| ***Present form*** | ***अर्थ*** | ***Past form*** | ***Past Participle*** | ***ing form*** |
|---|---|---|---|---|
| Grant | स्वीकार करना | Granted | Granted | Granting |
| Gain | प्राप्त करना | Gained | Gained | Gaining |
| Graze | चरना | Grazed | Grazed | Grazing |
| Hang | फाँसी पर लटकाना | Hanged | Hanged | Hanging |
| Hate | घृणा करना | Hated | Hated | Hating |
| Hear | सुनना | Heard | Heard | Hearing |
| Help | सहायता करना | Helped | Helped | Helping |
| Hire | किराये पर लेना | Hired | Hired | Hiring |
| Hunt | शिकार करना | Hunted | Hunted | Hunting |
| Intend | इरादा करना | Intended | Intended | Intending |
| Invite | निमन्त्रण देना | Invited | Invited | Inviting |
| Injure | हानि पहुँचाना | Injured | Injured | Injuring |
| Inquire | पूछताछ करना | Inquired | Inquired | Inquiring |
| Jump | कूदना | Jumped | Jumped | Jumping |
| Join | शामिल होना | Joined | Joined | Joining |
| Keep | रखना | Kept | Kept | Keeping |
| Kick | लात मारना | Kicked | Kicked | Kicking |
| Kill | मारना | Killed | Killed | Killing |
| Kneel | घुटनों पर झुकना | Knelt | Knelt | Kneeling |
| Learn | याद करना | Learnt | Learnt | Learning |
| Lead | मार्ग दिखाना | Led | Led | Leading |
| Lend | उधार देना | Lent | Lent | Lending |
| Leave | छोड़ना | Left | Left | Leaving |
| Lay | रखना, फैलाना | Laid | Laid | Laying |
| Lie | झूठ बोलना | Lied | Lied | Lying |
| Lean | झुकना | Leaned | Leaned | Leaning |
| Lose | खोना | Lost | Lost | Losing |
| Light | प्रकाश करना | Lit, Lighted | Lit, Lighted | Lighting |
| Lift | उठाना | Lifted | Lifted | Lifting |
| Like | पसन्द करना | Liked | Liked | Liking |
| Love | प्यार करना | Loved | Loved | Loving |
| Live | रहना | Lived | Lived | Living |
| Look | देखना | Looked | Looked | Looking |
| Make | बनाना | Made | Made | Making |
| Meet | मिलना | Met | Met | Meeting |
| Move | हिलना, हिलाना | Moved | Moved | Moving |
| Mean | अर्थ होना | Meant | Meant | Meaning |
| Melt | पिघलना | Melted | Melted | Melting |
| Miss | खोना, चूकना | Missed | Missed | Missing |

| *Present form* | *अर्थ* | *Past form* | *Past Participle* | *ing form* |
|---|---|---|---|---|
| Name | नाम रखना | Named | Named | Naming |
| Need | आवश्यकता होना | Needed | Needed | Needing |
| Open | खोलना | Opened | Opened | Opening |
| Owe | ऋणी होना | Owed | Owed | Owing |
| Obey | आज्ञा मानना | Obeyed | Obeyed | Obeying |
| Obtain | प्राप्त करना | Obtained | Obtained | Obtaining |
| Order | आज्ञा देना | Ordered | Ordered | Ordering |
| Oppose | विरोध करना | Opposed | Opposed | Opposing |
| Push | धक्का देना | Pushed | Pushed | Pushing |
| Pay | अदा करना | Paid | Paid | Paying |
| Polish | चमकाना | Polished | Polished | Polishing |
| Pass | गुजरना | Passed | Passed | Passing |
| Permit | आज्ञा देना | Permitted | Permitted | Permitting |
| Play | खेलना | Played | Played | Playing |
| Pray | प्रार्थना करना | Prayed | Prayed | Praying |
| Preach | धर्मोपदेश देना | Preached | Preached | Preaching |
| Prefer | अधिक पसन्द करना | Preferred | Preferred | Preferring |
| Praise | प्रशंसा करना | Praised | Praised | Praising |
| Present | भेंट करना, उपस्थित करना | Presented | Presented | Presenting |
| Prevent | रोकना, मना करना | Prevented | Prevented | Preventing |
| Prove | सिद्ध करना | Proved | Proved | Proving |
| Promise | वादा करना | Promised | Promised | Promising |
| Pursue | पीछा करना | Pursued | Pursued | Pursuing |
| Punish | दण्डित करना | Punished | Punished | Punishing |
| Prepare | तैयार करना | Prepared | Prepared | Preparing |
| Place | रखना | Placed | Placed | Placing |
| Please | प्रसन्न करना, संतोष प्रदान करना | Pleased | Pleased | Pleasing |
| Pardon | क्षमा करना | Pardoned | Pardoned | Pardoning |
| Pluck | तोड़ना | Plucked | Plucked | Plucking |
| Publish | प्रकाशित करना | Published | Published | Publishing |
| Plant | पौधा लगाना | Planted | Planted | Planting |
| Pull | खींचना | Pulled | Pulled | Pulling |
| Plough | जोतना | Ploughed | Ploughed | Ploughing |
| Read (रीड) | पढ़ना | Read (रेड) | Read (रेड) | Reading |
| Rob | लूटना | Robbed | Robbed | Robbing |
| Rush | झपटना | Rushed | Rushed | Rushing |

| *Present form* | *अर्थ* | *Past form* | *Past Participle* | *ing form* |
|---|---|---|---|---|
| Rain | वर्षा होना | Rained | Rained | Raining |
| Reign | राज्य करना | Reigned | Reigned | Reigning |
| Reach | पहुँचना | Reached | Reached | Reaching |
| Receive | प्राप्त करना | Received | Received | Receiving |
| Reply | उत्तर देना | Replied | Replied | Replying |
| Raise | उठाना | Raised | Raised | Raising |
| Return | वापस करना, लौटाना | Returned | Returned | Returning |
| Refuse | मना करना | Refused | Refused | Refusing |
| Resign | त्यागपत्र देना | Resigned | Resigned | Resigning |
| Rest | आराम करना | Rested | Rested | Resting |
| Send | भेजना | Sent | Sent | Sending |
| Say | कहना | Said | Said | Saying |
| Spend | खर्च करना | Spent | Spent | Spending |
| Seek | तलाश करना | Sought | Sought | Seeking |
| Shoot | गोली मारना | Shot | Shot | Shooting |
| Seize | पकड़ना | Seized | Seized | Seizing |
| Sleep | सोना | Slept | Slept | Sleeping |
| Spit | थूकना | Spat | Spat | Spitting |
| Sell | बेचना | Sold | Sold | Selling |
| Smell | सूँघना | Smelt | Smelt | Smelling |
| Sweep | झाड़ू लगाना | Swept | Swept | Sweeping |
| Save | बचाना | Saved | Saved | Saving |
| Sow | बोना | Sowed | Sowed, Sown | Sowing |
| Salute | सलाम करना | Saluted | Saluted | Saluting |
| Search | ढूँढ़ना | Searched | Searched | Searching |
| Seem | दिखाई देना, मालूम पड़ना | Seemed | Seemed | Seeming |
| Serve | सेवा करना | Served | Served | Serving |
| Select | चुनना | Selected | Selected | Selecting |
| Shave | दाढ़ी बनाना | Shaved | Shaved | Shaving |
| Slip | फिसलना | Slipped | Slipped | Slipping |
| Smile | मुस्कराना | Smiled | Smiled | Smiling |
| Solve | हल करना | Solved | Solved | Solving |
| Stand | खड़ा होना | Stood | Stood | Standing |
| Start | आरम्भ करना | Started | Started | Starting |
| Succeed | सफल होना | Succeeded | Succeeded | Succeeding |
| Starve | भूखा मरना | Starved | Starved | Starving |

| *Present form* | *अर्थ* | *Past form* | *Past Participle* | *ing form* |
|---|---|---|---|---|
| Study | अध्ययन करना | Studied | Studied | Studying |
| Suffer | कष्ट सहना | Suffered | Suffered | Suffering |
| Stop | रुकना | Stopped | Stopped | Stopping |
| Stay | रुकना, ठहरना | Stayed | Stayed | Staying |
| Treat | व्यवहार करना | Treated | Treated | Treating |
| Try | प्रयत्न करना | Tried | Tried | Trying |
| Talk | बात करना | Talked | Talked | Talking |
| Teach | पढ़ाना | Taught | Taught | Teaching |
| Think | सोचना | Thought | Thought | Thinking |
| Tell | कहना | Told | Told | Telling |
| Taste | चखना | Tasted | Tasted | Tasting |
| Travel | यात्रा करना | Travelled | Travelled | Travelling |
| Thank | धन्यवाद देना | Thanked | Thanked | Thanking |
| Trust | विश्वास करना | Trusted | Trusted | Trusting |
| Veil | ढकना | Veiled | Veiled | Veiling |
| Vanish | गायब होना, | Vanished | Vanished | Vanishing |
| Verify | सिद्ध करना, जाँचना | Verified | Verified | Verifying |
| Visit | देखने जाना | Visited | Visited | Visiting |
| Walk | चलना, टहलना | Walked | Walked | Walking |
| Wash | धोना | Washed | Washed | Washing |
| Wait | प्रतीक्षा करना | Waited | Waited | Waiting |
| Want | चाहना | Wanted | Wanted | Wanting |
| Weep | रोना | Wept | Wept | Weeping |
| Whistle | सीटी बजाना | Whistled | Whistled | Whistling |
| Work | काम करना | Worked | Worked | Working |
| Wish | इच्छा करना | Wished | Wished | Wishing |
| Wound | घायल करना | Wounded | Wounded | Wounding |
| Yield | अधीन होना, उत्पन्न करना | Yielded | Yielded | Yielding |

- **Group (II)**

**Note**—निम्नलिखित क्रियाओं की तीनों forms एक-सी होती हैं—

| *Present form* | *अर्थ* | *Past form* | *Past Participle* | *ing form* |
|---|---|---|---|---|
| Bet | शर्त लगाना | Bet | Bet | Betting |
| Burst | फटना | Burst | Burst | Bursting |
| Cast | फेंकना | Cast | Cast | Casting |
| Cost | मूल्य होना | Cost | Cost | Costing |
| Cut | काटना | Cut | Cut | Cutting |
| Hit | चोट मारना | Hit | Hit | Hitting |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Hurt | चोट पहुँचाना | Hurt | Hurt | Hurting |
| Let | देना | Let | Let | Letting |
| Put | रखना | Put | Put | Putting |
| Set | बैठाना, छिपाना | Set | Set | Setting |
| Spread | फैलाना | Spread | Spread | Spreading |

- **Group (III)**

**Note**—कुछ क्रियाओं के Past Tense तथा Past Participle में दोहरे रूप होते हैं—

| *Present form* | *अर्थ* | *Past form* | *Past Participle* | *ing form* |
|---|---|---|---|---|
| Knit | बुनना | Knit, Knitted | Knit, Knitted | Knitting |
| Quit | छोड़ना | Quit, Quitted | Quit, Quitted | Quitting |
| Wed | विवाह करना | Wed, Wedded | Wed, Wedded | Wedding |

- **Helping Verb (IV)**

| *Present form* | *Past form* |
|---|---|
| Will | Would |
| Shall | Should |
| Can | Could |
| May | Might |
| Is, Am | Was |
| Are | Were |

# *Present Indefinite Tense*

(Simple Present Tense)

***निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—***

## Affirmative Sentences

1. मैं अपनी किताब पढ़ता हूँ। — I read my book.
2. सीता एक पत्र लिखती है। — Sita writes a letter.
3. तुम विद्यालय जाते हो। — You go to school.
4. वे पानी पीते हैं। — They drink water.
5. कुत्ता भौंका करते हैं। (आदत) — Dogs bark.
6. वह अपने माता-पिता की आज्ञा मानती है। — She obeys her parents.

## Negative Sentences

1. मैं अपनी किताब नहीं पढ़ता हूँ। — I do not read my book.
2. सीता एक पत्र नहीं लिखती है। — Sita does not write a letter.

3. तुम विद्यालय नहीं जाते हो। — You do not go to school.
4. वे पानी नहीं पीते हैं। — They do not drink water.
5. वह अपने माता-पिता की आज्ञा नहीं मानती है। — She does not obey her parents.

## Interrogative Sentences

1. क्या मैं अपनी किताब पढ़ता हूँ? — Do I read my book?
2. क्या सीता एक पत्र लिखती है? — Does Sita write a letter?
3. क्या तुम विद्यालय नहीं जाते हो? — Do you not go to school?
4. वे पानी क्यों नहीं पीते हैं? — Why do they not drink water?
5. वह अपने माता-पिता की आज्ञा क्यों नहीं मानती हैं। — Why does she not obey her parents?

***पहचान—***

**1.** सामान्यतः वाक्य के अन्त में ता, ते, ती के बाद है, हैं, हो, हूँ आता है।
**2.** इन वाक्यों से आदत तथा अटल सत्य (Universal Truth) का भाव प्रकट होता है।
**3.** कार्य की पूर्णता या अपूर्णता का कोई निश्चित भाव प्रकट नहीं होता है।

***नियम—***

- इस प्रकार के वाक्यों में क्रिया का प्रथम रूप (1st form) का प्रयोग किया जाता है।
- He, She, It तथा Singular Number के कर्त्ता के साथ क्रिया के प्रथम रूप में 's' या 'es' लगाया जाता है।
- I, You, We, They तथा Plural Number के कर्त्ता के साथ क्रिया का प्रथम रूप बिना 's' या 'es' लगाये प्रयोग किया जाता है।
- Negative Sentences में He, She, It तथा एकवचन के कर्त्ता के साथ does not तथा you, we, they, I तथा बहुवचन के कर्त्ता के साथ do not का प्रयोग किया जाता है। यहाँ ध्यान रखें कि 'does not' का प्रयोग होने पर क्रिया में s या es नहीं लगाया जाता है।
- प्रश्नवाचक वाक्यों (Interrogative Sentences) में Do या Does को कर्त्ता के पहले प्रयोग किया जाता है। उदाहरण संख्या 1, 2, 3 देखिए।
- यदि प्रश्नवाचक वाक्य के बीच में क्या, क्यों, कहाँ आदि शब्द आयें तो इस प्रकार के वाक्यों में इनकी अंग्रेजी वाक्य के प्रारम्भ में लिखी जाती है। वाक्य की बनावट इस प्रकार होगी—

  **Question Word + do/does + Subject + Verb + Object.**

  उदाहरण संख्या 4 व 5 देखिए।
- प्रश्नवाचक वाक्य के अन्त में प्रश्नवाचक का चिह्न (?) लगाया जाता है।

☞ ***विशेष—***

- 'Who' के प्रश्नों में Affirmative form में do या does का प्रयोग नहीं करना चाहिए; जैसे—
  1. ऐसा कौन कहता है? — Who says so?
  2. वहाँ कौन जाता है? — Who goes there?
  3. यहाँ कौन आता है? — Who comes here?

# Exercise :: 6

***Translate the following sentences into English :***

(1) वह अपना पाठ **याद करता** है। (2) तुम प्रतिदिन सुबह टहलने जाते हो। (3) तुम चाय पीते हो। (4) मेरा भाई **झूठ नहीं बोलता** है। (5) तुम्हारी बहन कक्षा 10 में **प्रथम आती** है। (6) क्या वह सदैव सत्य बोलता है? (7) वह कहाँ रहता है? (8) **धोबी** कपड़ा नहीं धोता है। (9) वे आम क्यों नहीं खाते हैं? (10) पृथ्वी सूर्य का **चक्कर लगाती** है। (11) क्या तुम अपनी पुस्तक पढ़ते हो? (12) वह इस समय क्या करती है? (13) तुम अध्यापक की आज्ञा क्यों नहीं मानते हो? (14) राजू रात में क्यों नहीं पढ़ता है? (15) वे **कठोर परिश्रम** नहीं करते हैं।

> ***Difficult Words :*** याद करना = learn, झूठ बोलना = tell a lie, प्रथम आना = stand first, धोबी = washerman, चक्कर लगाना = move, कठोर परिश्रम = hard labour.

●

## *Past Indefinite Tense*

(Simple Past Tense)

***निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—***

### Affirmative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मैंने उसे कल एक किताब दी। | I **gave** him a book yesterday. |
| 2. | उसने अपने पिता को एक पत्र लिखा। | He **wrote** a letter to his father. |
| 3. | हमने अपना पाठ याद कर लिया। | We **learnt** our lesson. |
| 4. | वह विद्यालय जाया करती थी। | She **used** to go to school. |
| 5. | उसने दूध पी लिया। | She **drank** milk. |
| 6. | वह प्रतिदिन घूमने जाया करता था। | He **used** to go for a walk daily. |

### Negative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मैंने उसे कल एक किताब नहीं दी। | I did not **give** him a book yesterday. |
| 2. | उसने अपने पिता को एक पत्र नहीं लिखा। | He did not **write** a letter to his father. |
| 3. | हमने अपना पाठ याद नहीं किया। | We did not **learn** our lesson. |
| 4. | वह विद्यालय नहीं जाया करती थी। | She did not **use** to go to school. |
| 5. | उसने दूध नहीं पिया। | She did not **drink** milk. |
| 6. | वह प्रतिदिन घूमने नहीं जाया करता था। | He did not **use** to go for a walk daily. |

### Interrogative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | क्या कल मैंने उसे एक किताब दी? | Did I **give** him a book yesterday? |
| 2. | क्या उसने अपने पिता को एक पत्र नहीं लिखा? | Did he not **write** a letter to his father? |
| 3. | क्या हमने अपने पाठ याद नहीं किया? | Did we not **learn** our lesson? |
| 4. | वह विद्यालय क्यों नहीं जाया करती थी? | Why did she not **use** to go to school? |
| 5. | उसने दूध कब पिया? | When did she **drink** milk? |
| 6. | वह प्रतिदिन घूमने कहाँ जाया करता था? | Where did he **use** to go for a walk daily. |

*पहचान—*

1. इस Tense में कार्य का होना भूत काल में पाया जाता है।
2. इस प्रकार के वाक्यों के अन्त में 'आ', 'या', 'ई', 'ये' एवं 'ता था', 'ती थी', 'ते थे' का प्रयोग होता है।

*नियम—*

- एकवचन तथा बहुवचन के कर्त्ताओं के साथ Affirmative Sentences में सदैव क्रिया के IInd form का प्रयोग होता है। उदाहरण संख्या 1 से 6 तक देखिए।
- Negative Sentences (नकारात्मक वाक्यों) में **did not** के साथ क्रिया का **1st Form** सभी प्रकार के कर्त्ताओं के साथ प्रयोग होता है। नकारात्मक वाक्यों के उदाहरण देखिए।
- Interrogative Sentences (प्रश्नवाचक वाक्यों) में did का प्रयोग कर्त्ता के पहले किया जाता है, उदाहरण संख्या 1 से 3 तक देखिए।
- यदि वाक्य के बीच में प्रश्नवाचक शब्द (who, when, what, where आदि) आयें तो इनकी अंग्रेजी लिखने के बाद did का प्रयोग होता है; जैसे—

  **Question Word + did + subject + 1st form of the Verb + object + ?**

  उदाहरण संख्या 4, 5, 6 देखिए।
- यदि वाक्य में who का प्रयोग है तो who के बाद Affirmative Sentence में सीधे क्रिया का IInd Form का प्रयोग होता है; जैसे—

  **1.** Who went to school yesterday?
  कल विद्यालय कौन गया?

  Who + Verb की IInd Form + object + ?
- यदि How much या How many का प्रयोग होना है तो इनसे सम्बन्धित Noun का प्रयोग करने के बाद ही 'did' का प्रयोग करें; जैसे—

  **1.** **How many boys** did not drink milk?
  कितने लड़कों ने दूध नहीं पिया?

  **2.** **How much milk** did he drink?
  उसने कितना दूध पिया?

## Exercise :: 7

***Translate the following sentences into English :***

(1) उसने कल उसकी **सहायता की**। (2) तुम्हारा भाई कल यहाँ नहीं आया। (3) वह विद्यालय नहीं गया। (4) क्या उसने अपनी पुस्तक पढ़ी? (5) मामा जी ने गंगा में **स्नान किया** था। (6) इन लड़कों ने अपना काम समाप्त कर लिया था। (7) आज जोर से वर्षा हुई थी। (8) मैंने कल एक पत्र नहीं लिखा था। (9) राम के भाई ने तुम्हारी पुस्तक नहीं ली। (10) **गवाह** ने सत्य नहीं **बोला**। (11) पिता जी आम नहीं खाये। (12) क्या वह लड़का यहाँ सोया था? (13) तुम आज कहाँ गये थे? (14) तुम्हें कल किसने बुलाया था? (15) तुम्हारे भाई ने किसकी पुस्तक **चुराई** थी?

***Difficult Words :*** सहायता करना = help, स्नान करना = bathe, गवाह = witness, बोलना = speak, चुराना = steal.

# Future Indefinite Tense
(Simple FutureTense )

*निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—*

## Affirmative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मैं एक पत्र लिखूँगा। | I shall write a letter. |
| 2. | हम कल विद्यालय जायेंगे। | We shall go to school tomorrow. |
| 3. | उसके पिता आगरा जायेंगे। | His father will go to Agra. |
| 4. | तुम मेरी आज्ञा मानोगे। | You will obey me. |
| 5. | हम यह काम अवश्य करेंगे। | We will do this work. |

## Negative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मैं एक पत्र नहीं लिखूँगा। | I shall not write a letter. |
| 2. | हम कल विद्यालय नहीं जायेंगे। | We shall not go to school tomorrow. |
| 3. | उसके पिता आगरा नहीं जायेंगे। | His father will not go to Agra. |
| 4. | तुम मेरी आज्ञा नहीं मानोगे। | You will not obey me. |
| 5. | हम यह काम निश्चित रूप से नहीं करेंगे। | We will not do this work. |

## Interrogative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | क्या मैं एक पत्र लिखूँगा? | Shall I write a letter? |
| 2. | क्या हम कल विद्यालय नहीं जायेंगे? | Shall we not go to school tomorrow? |
| 3. | क्या उसके पिता आगरा जायेंगे? | Will his father go to Agra? |
| 4. | तुम मेरी आज्ञा क्यों नहीं मानोगे? | Why will you not obey me? |
| 5. | क्या हम यह कार्य निश्चित रूप से नहीं करेंगे? | Will we not do this work certainly? |
| 6. | वह आगरा कब जायेगा? | When will he go to Agra? |

***पहचान—***

**1.** इस Tense में कार्य का होना भविष्य में पाया जाता है।
**2.** वाक्य के अन्त में 'गा', 'गे', 'गी' का प्रयोग होता है।

***नियम—***

- I तथा We के साथ shall तथा अन्य Subjects के साथ will का प्रयोग होता है। उदाहरण संख्या 1 से 4 तक देखिए।
- Negative Sentences में shall या will के बाद 'not' का प्रयोग किया जाता है।
- Interrogative Sentences में क्या से प्रश्न प्रारम्भ होने पर shall या will को कर्त्ता के आगे कर देते हैं। उदाहरण संख्या 1, 2, 3 देखिए।
- यदि वाक्य के बीच में प्रश्नवाचक शब्द आते हैं तो उनकी अंग्रेजी लिखने के बाद shall या will का प्रयोग होता है। उदाहरण संख्या 6 देखिए।

**Question word + shall/will + subject + Verb + object.**

- How much, How many, Which, Whose के साथ सम्बन्धित Noun को रखकर तब shall या will लगाते हैं; जैसे—
  1. Which book will you buy? तुम कौन-सी किताब खरीदोगे?
  2. How many books will you buy? तुम कितनी किताब खरीदोगे?
  3. Whose book will you read? तुम किसकी किताब पढ़ोगे?
- प्रश्नवाचक का चिह्न अन्त में लगाया जाता है।

☞ ***विशेष***—

- shall या will के साथ सदैव क्रिया का 1st Form ही लगाया जाता है।
- यदि वाक्य से संकल्प, इच्छा, धमकी, आदेश, वचन का विश्वास का बोध हो तो I तथा we के साथ will लगाते हैं तथा अन्य Subjects के साथ shall। उदाहरण संख्या 5 देखिए।

## Exercise :: 8

***Translate the following sentences into English :***

(1) मैं कल ताजमहल **देखने** आगरा जाऊँगा। (2) वह तुम्हारी सहायता नहीं करेगा। (3) मेरा भाई दिल्ली में पढ़ने जायेगा। (4) क्या तुम मेरे घर नहीं आओगे? (5) क्या तुम्हारी बहन **अगली कक्षा** में नहीं पढ़ेगी? (6) वह कब आयेगा? (7) वह अगले वर्ष कहाँ रहेगा? (8) मेरी माँ गंगा **स्नान करने** कब जायेगी? (9) मैं अपने मित्र से कल नहीं मिलूँगा। (10) तुम विद्यालय में **कौन-सा** खेल खेलोगे? (11) वह कब मुझसे मिलने आयेगा? (12) तुम रात में नहीं पढ़ोगे। (13) वह पतंग कहाँ उड़ायेगा? (14) उसकी माँ मेरी सहायता क्यों नहीं करेंगी? (15) तुम अपने लिए कार कब खरीदोगे?

***Difficult Words*** **:** देखने = to see, अगली कक्षा = next class, स्नान करना = bathe, कौन-सा = which.

### Simple Present Tense, Simple Past Tense तथा Simple Future Tense का तुलनात्मक अध्ययन

| ***Tense*** | ***हिन्दी में पहचान*** | ***अंग्रेजी में पहचान*** |
|---|---|---|
| **Simple Present Tense** | ता, ते, ती के बाद है, हूँ, हो, है का प्रयोग | क्रिया का 1st Form |
| **Simple Past Tense** | ता था, ते थी, ती थी एवं आ, या, ई, ये आदि वाक्य के अन्त में आते हैं। | क्रिया का IInd Form |
| **Simple Future Tense** | वाक्य के अन्त में गा, गे, गी का प्रयोग | Shall या Will के साथ क्रिया का 1st Form |

### Present Indefinite Tense तथा Present Continuous Tense द्वारा Future का प्रयोग

***विशेष***—

- Simple Present Tense द्वारा Future का प्रयोग—

  ***Examples***

  1. विद्यालय का उत्सव परसों प्रारम्भ होगा।
     The function of the school begins the day after tomorrow.
  2. विश्वविद्यालय की परीक्षाएँ अगले मास प्रारम्भ होंगी।
     The University examinations start in the next month.

- Present Continuous Tense का प्रयोग करके—

***Examples***

1. कल हम आगरा ताज देखने जा रहे हैं।
   We are going to see the Taj tomorrow.
2. हमारी परीक्षाएँ अगले मास प्रारम्भ हो रही हैं।
   Our examinations are going to begin in the next month.
3. क्या आप कल यहाँ आ रहे हैं?
   Are you coming here tomorrow?

# Present Continuous Tense

***निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—***

## Affirmative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वह एक किताब पढ़ रहा है। | He is reading a book. |
| 2. | लड़के मैदान में खेल रहे हैं। | The boys are playing in the field. |
| 3. | मैं एक पत्र लिख रहा हूँ। | I am writing a letter. |
| 4. | वह एक गाना गा रही है। | She is singing a song. |
| 5. | अध्यापक कक्षा में अंग्रेजी पढ़ा रहा है। | The teacher is teaching English in the class. |

## Negative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वह एक किताब नहीं पढ़ रहा है। | He is not reading a book. |
| 2. | लड़के मैदान में नहीं खेल रहे हैं। | The boys are not playing in the field. |
| 3. | मैं एक पत्र नहीं लिख रहा हूँ। | I am not writing a letter. |
| 4. | वह एक गाना नहीं गा रही है। | She is not singing a song. |
| 5. | अध्यापक कक्षा में अंग्रेजी नहीं पढ़ा रहा है। | The teacher is not teaching English in the class. |

## Interrogative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | क्या वह एक किताब पढ़ रहा है? | Is he reading a book? |
| 2. | क्या लड़के मैदान में नहीं खेल रहे हैं? | Are the boys not playing in the field? |
| 3. | क्या मैं पत्र नहीं लिख रहा हूँ? | Am I not writing a letter? |
| 4. | वह एक गाना क्यों नहीं गा रही है? | Why is she not singing a song? |
| 5. | अध्यापक कक्षा में अंग्रेजी क्यों पढ़ा रहा है? | Why is the teacher teaching English in the class? |

***पहचान—***

**1.** वाक्यों में काम का जारी रहना पाया जाता है।

**2.** वाक्यों के अन्त में रहा है, रही है, रहे हो आदि शब्द होते हैं।

***नियम—***

- इस Tense में 'ing' Form of Verbs का प्रयोग किया जाता है।
- I के साथ am तथा he, she, it तथा एकवचन के कर्त्ता के साथ is का प्रयोग होता है। उदाहरण संख्या 1, 4, 5 देखिए।
- We, they तथा बहुवचन के कर्त्ता के साथ are का प्रयोग होता है, उदाहरण संख्या 2 देखिए।
- **Negative Sentences** में is, am, are के बाद not का प्रयोग किया जाता है।

- **Interrogative Sentences** में यदि वाक्य 'क्या' से प्रारम्भ हो रहा है तो, is/am/are को कर्त्ता के पहले कर दिया जाता है। उदाहरण संख्या 1, 2, 3 देखिए।
- यदि प्रश्नवाचक शब्द वाक्य के बीच में हो तो पहले उनकी अंग्रेजी, उसके बाद is/am/are का प्रयोग किया जाता है।
  **Question Word + is/am/are + Subject + Verb का ing Form + Object.**
  उदाहरण संख्या 4, 5 देखिए।
- वाक्य के अन्त में प्रश्नवाचक का चिह्न (?) लगाया जाता है।

☞ ***विशेष***—

- 'कौन' से प्रश्न करने वाले वाक्यों में who के बाद ही is/am/are तथा Verb का ing Form लिखा जाता है; जैसे—
  1. वहाँ कौन जा रहा है? 　Who is going there?
- How much, how many, whose वाले वाक्यों में इनसे सम्बन्धित Noun को लिखने के बाद ही is/am/are लगाया जाता है; जैसे—
  1. वह किसकी किताब पढ़ रहा है? 　Whose book is he reading?
  2. बच्चा कितना दूध पी रहा है? 　How much milk is the child drinking?

## Exercise :: 9

***Translate the following sentences into English :***

(1) भाई साहब सुबह की गाड़ी से कानपुर जा रहे हैं। (2) लड़कियाँ मन्दिर जा रही हैं। (3) धोबी **गन्दे** कपड़े धो रहा है। (4) मैं इन विद्यार्थियों को **गणित** पढ़ा रहा हूँ। (5) तुम पिता जी की आज्ञा नहीं मान रहे हो। (6) वे कठिन परिश्रम नहीं कर रहे हैं। (7) बिल्ली चूहों के पीछे नहीं भाग रही है। (8) मेरी बहन अब अपने कमरे में नहीं **रो रही** है। (9) क्या गोपाल खाना खा रहा है? (10) चपरासी **घण्टी** क्यों नहीं **बजा रहा** है? (11) तुम्हारा मित्र साइकिल की **मरम्मत** क्यों नहीं करा रहा है? (12) वे अपना पाठ क्यों नहीं **याद कर** रहे हैं? (13) वह कितना दूध पी रहा है? (14) वह किसकी किताब पढ़ रही है? (15) कक्षा में कितने लड़के पढ़ रहे हैं? (16) तुम **कौन-सी** पुस्तक पढ़ रहे हो?

***Difficult Words :*** गन्दे = dirty, गणित = mathematics, रो रही = weeping, घण्टी = bell, बजाना = ringing, मरम्मत = repair, याद करना = remember, कौन-सी = which.

●

# *Past Continuous Tense*

***निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—***

## Affirmative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मैं अपनी किताब पढ़ रहा था। | I was reading my book. |
| 2. | वह बाजार से मिठाई खरीद रही थी। | She was buying sweets from the market. |
| 3. | वे अपना पाठ याद कर रहे थे। | They were learning their lesson. |
| 4. | मोहन अपने नौकर को गाली दे रहा था। | Mohan was abusing his servant. |
| 5. | हम एक मधुर गीत गा रहे थे। | We were singing a sweet song. |

## Affirmative Sentences

1. मैं अपनी किताब नहीं पढ़ रहा था। — I was not reading my book.
2. वह बाजार से मिठाई नहीं खरीद रही थी। — Sita was not buying sweets from the market.
3. वे अपना पाठ नहीं याद कर रहे थे। — They were not learning their lesson.
4. मोहन अपने नौकर को गाली नहीं दे रहा था। — Mohan was not abusing his servant.
5. हम एक मधुर गीत नहीं गा रहे थे। — We were not singing a sweet song.

## Interrogative Sentences

1. क्या मैं अपनी किताब पढ़ रहा था? — Was I reading my book?
2. क्या वह बाजार से मिठाई नहीं खरीद रही थी। — Was she not buying sweets form the market?
3. क्या वे अपना पाठ याद कर रहे थे? — Were they learning their lesson?
4. मोहन अपने नौकर को क्यों गाली दे रहा था? — Why was Mohan abusing his servant?
5. हम मधुर गीत कहाँ गा रहे थे? — Where were we singing a sweet song?

***पहचान—***

**1.** इस Tense में भूतकाल में काम जारी रहना पाया जाता है।

**2.** वाक्य के अन्त में 'रहा था', 'रही थी', 'रहे थे' प्रयोग किया जाता है।

***नियम—***

- I, he, she, it तथा एकवचन के कर्त्ता के साथ was तथा you, we, they और बहुवचन के कर्त्ता के साथ were का प्रयोग किया जाता है।
- Verb के 1st form में ing का प्रयोग होता है।
- **Negative Sentences** में was/were के बाद not लगा दिया जाता है।
- **Interrogative Sentences** में was और were को कर्त्ता के पहले रखा जाता है। उदाहरण संख्या 1 से 3 तक देखिए।
- यदि प्रश्नवाचक शब्द वाक्य के मध्य में आये तो इनकी अंग्रेजी सबसे पहले लिखकर कर्त्ता के पहले was/were लगाया जाता है। उदाहरण संख्या 4, 5 देखिए।
- वाक्य के अन्त में प्रश्नवाचक का चिह्न (?) लगाया जाता है।

☞ ***विशेष—***

- यदि वाक्य में कौन (who) कर्त्ता का कार्य कर रहा हो तो उसे इस प्रकार बनाइए

  **Who + was/were +Verb का ing form + object.** जैसे—

  1. कक्षा में पत्र कौन लिख रहा था?
     Who was writing a letter in the class?

- How many, how much, which या whose के प्रयोग करने की स्थिति में सम्बन्धित Noun के बाद ही was/were का प्रयोग होता है; जैसे—

  1. कक्षा में कितने छात्र पढ़ रहे थे?
     How many students were reading in the class?

## Exercise :: 10

***Translate the following sentences into English :***

(1) वह सुबह की गाड़ी से बनारस जा रहा था। (2) उसकी माँ **रसोईघर** में खाना बना रही थी। (3) कक्षा में लड़के **शोर मचा** नहीं कर रहे थे। (4) वह अपनी बहन को हिन्दी पढ़ा रहा था। (5) तुम वहाँ क्यों जा रहे थे? (6) लोमड़ी इधर-उधर क्यों **भटक** रही थी? (8) **लकड़हारा** लकड़ी क्यों नहीं काट रहा था? (9) अध्यापक उसे क्यों नहीं पढ़ा रहा था? (10) वे मीठे **फल** खा रहे थे। (11) कमला अपने **पड़ोसियों** से झगड़ रही थी। (12) वह ठण्डा दूध नहीं पी रही थी। (13) सीता अपनी पति की **सेवा कर** रही थी। (14) वह जंगल में कहाँ जा रहा था? (15) उसकी माँ क्यों उसे **मार रही** थी?

> ***Difficult Words :*** रसोईघर = kitchen, शोर मचाना = make a noise, भटकना = roam, लकड़हारा = wood-cutter, फल = fruits, पड़ोसी = neighbour, सेवा करना = serve, मारना = beat.

●

# *Future Continuous Tense*

***निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—***

### Affirmative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मैं अपना पाठ याद कर रहा हूँगा। | I shall be learning my lesson. |
| 2. | वह एक पत्र लिख रही होगी। | She will be writing a letter. |
| 3. | तुम एक गीत गा रहे होगे। | You will be singing a song. |
| 4. | वह दूध पी रही होगी। | She will be drinking milk. |
| 5. | वे कमरे में सो रहे होंगे। | They will be sleeping in the room. |

### Negative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मैं अपना पाठ याद नहीं कर रहा हूँगा। | I shall not be learning my lesson. |
| 2. | वह एक पत्र नहीं लिख रही होगी। | She will not be writing a letter. |
| 3. | तुम एक गीत नहीं गा रहे होगे। | You will not be singing a song. |
| 4. | वह दूध नहीं पी रही होगी। | She will not be drinking milk. |
| 5. | वे कमरे में नहीं सो रहे होंगे। | They will not be sleeping in the room. |

### Interrogative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | क्या मैं अपना पाठ याद कर रहा हूँगा? | Shall I be learning my lesson? |
| 2. | क्या वह एक पत्र लिख रही होगी? | Will she be writing a letter? |
| 3. | तुम एक गीत क्यों गा रहे होगे? | Why will you be singing a song? |
| 4. | वह दूध कहाँ पी रही होगी? | Where will she be drinking milk? |
| 5. | वे कमरे में क्यों नहीं सो रहे होंगे? | Why will they not be sleeping in the room? |

***पहचान—***

**1.** वाक्य के अन्त में रहा होगा, रहे होंगे, रही होगी, रहा हूँगा शब्दों का प्रयोग किया जाता है।

*नियम—*

- I तथा We के साथ shall be तथा क्रिया का ing form प्रयोग होता है। उदाहरण संख्या 1 देखिए।
- I तथा We को छोड़कर अन्य कर्ताओं के साथ will be तथा क्रिया का ing form लगता है। उदाहरण संख्या 2 से 5 तक देखिए।
- **Negative Sentences** में shall या will के बाद में 'not' लगाया जाता है।
- **Interrogative Sentences** में—
  (1) यदि वाक्य के प्रारम्भ में 'क्या' शब्द लगा है तो shall या will को कर्त्ता के पहले लिखा जाता है। उदाहरण संख्या 1, 2 देखिए।
  (2) यदि प्रश्नवाचक शब्द वाक्य के बीच में प्रयुक्त है तो उसकी अंग्रेजी लिखने के बाद shall/will का प्रयोग होता है। उदाहरण संख्या 3, 4, 5 देखिए।
  (3) वाक्य के अन्त में प्रश्नवाचक का चिह्न (?) लगाया जाता है।

☞ *विशेष—*

- प्रश्नवाचक वाक्य में यदि कौन से प्रश्न किया गया है तो who के बाद will या shall तथा उसके बाद be और ing form का प्रयोग होता है; जैसे—
  1. कक्षा में कौन पढ़ रहा होगा?
     Who will be reading in the class?

**(Who + will be + Verb का ing form + object)**

- How much, How many, which, whose जैसे प्रश्नवाचक शब्दों को लिखकर सम्बन्धित Noun का प्रयोग करने के बाद ही will be या shall be का प्रयोग होता है, जैसे—
  1. घर में कितने लड़के पढ़ रहे होंगे?
     How many boys will be reading in the house?
  2. किसके पिता आगरा जा रहे होंगे?
     Whose father will be going to Agra?

# 【 Exercise :: 11 】

***Translate the following sentences into English :***

(1) मैं उस समय पढ़ रहा हूँगा। (2) ये लड़कियाँ कल गंगा जी में स्नान कर रही होंगी। (3) मैं कल इस बाग में फूल **तोड़ रहा** हूँगा। (4) मोर बाग में नाच रहा होगा। (5) चपरासी उस समय घण्टी नहीं बजा रहा होगा। (6) हम कल इस बाग में नहीं टहल रहे होंगे। (7) कुछ लड़के **पुस्तकालय** में **अखबार** पढ़ रहे होंगे। (8) वह कल अपने माता जी को पत्र नहीं लिख रही होगी। (9) क्या तुम आज शाम को **उपन्यास** पढ़ रहे होंगे? (10) क्या राधा एक मधुर गीत गा रही होंगी? (11) क्या तुम मेरी सहायता नहीं करते रहोगे? (12) तुम मुझे कब तक पढ़ाते रहोगे? (13) राम कौन-सी पुस्तक पढ़ रहा होगा? (14) वहाँ कौन रो रहा होगा? (15) मुझे कौन पुकार रहा होगा?

***Difficult Words :*** तोड़ना = pluck, पुस्तकालय = library, अखबार = newspaper, उपन्यास = novel, पुकारना = call.

## Present Continuous Tense, Past Continuous Tense तथा Future Continuous Tense का तुलनात्मक विवरण

| *Tense* | *हिन्दी में पहचान* | अंग्रेजी में पहचान |
|---|---|---|
| **Present Continuous Tense** | वाक्य के अन्त में—रहा है, रहे हैं, रही है | is/am/are के साथ क्रिया के 1st Form में ing. |
| **Past Continuous Tense** | रहा था, रही थी, रहे थे | was/were के साथ क्रिया के 1st Form में ing. |
| **Future Continuous Tense** | रहा होगा, रही होगी, रहा हूँगा, रहे होंगे, रही होंगी | shall be/will be के साथ क्रिया के 1st Form में ing. |

# *Present Perfect Tense*

*निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—*

### Affirmative Sentences

1. मैं विद्यालय जा चुका हूँ। — I have gone to school.
2. वह पत्र लिख चुका है। — He has written a letter.
3. तुम अपना पाठ याद कर चुके हो। — You have learnt your lesson.
4. सुधा ने खाना बना लिया है। — Sudha has prepared food.
5. हमने कहानी सुन ली है। — We have heard the story.

### Negative Sentences

1. मैं विद्यालय नहीं गया हूँ। — I have not gone to school.
2. उसने पत्र नहीं लिखा है। — He has not written a letter.
3. तुमने अपना पाठ याद नहीं किया है। — You have not learnt your lesson.
4. सुधा ने खाना नहीं बनाया है। — Sudha has not prepared food.
5. हमने कहानी नहीं सुनी है। — We have not heard the story.

### Interrogative Sentences

1. क्या मैं विद्यालय नहीं जा चुका हूँ? — Have I not gone to school?
2. क्या वह पत्र लिख चुका है? — Has he written a letter?
3. क्या तुम अपना पाठ याद कर चुके हो? — Have you learnt your lesson?
4. सुधा ने खाना कहाँ बनाया है? — Where has Sudha prepared food?
5. हम कहानी क्यों नहीं सुन चुके हैं? — Why have we not heard the story?

***पहचान—***

1. इस Tense से ज्ञात होता है कि कार्य को समाप्त हुए अभी अधिक समय नहीं हुआ है।
2. वाक्य के अन्त में चुका है, चुके हैं, चुकी है, या है, आ हैं, ये हैं आदि शब्द आते हैं।

*नियम—*

- He, she, it तथा एकवचन के कर्त्ता के साथ has तथा क्रिया का IIIrd Form का प्रयोग किया जाता है। I, You, We, They तथा बहुवचन के कर्त्ता के साथ have तथा क्रिया का IIIrd Form का प्रयोग किया जाता है।
- **Negative** वाक्यों में has/have के बाद Not लगाया जाता है।
- **Interrogative** वाक्यों में—
  (1) यदि क्या शब्द वाक्य के प्रारम्भ में ही है तो has/have को कर्त्ता के पहले प्रयोग किया जाता है। उदाहरण संख्या 1, 2, 3 देखिए।
  (2) अगर प्रश्नवाचक शब्द वाक्य के बीच में है तो उसकी अंग्रेजी लिखकर has/have का प्रयोग करते हुए कर्त्ता तथा उसके बाद क्रिया के IIIrd Form का प्रयोग किया जाता है। उदाहरण संख्या 4 तथा 5 देखिए।
  (3) वाक्य के अन्त में प्रश्नवाचक का चिह्न (?) लगा दिया जाता है।

## Exercise :: 12

***Translate the following sentences into English :***

(1) मैं अपनी पुस्तक पढ़ चुका हूँ। (2) **किसान** अपना खेत जोत चुका है। (3) चन्द्रमा **अस्त** हो चुका है। (4) **बढ़ई** ने आज एक सुन्दर मेज बनाई है। (5) **चपरासी** ने घण्टी बजा दी है। (6) पिता जी रामायण पढ़ चुके हैं। (7) लड़कियों ने आज नृत्य का **अभ्यास** नहीं किया है। (8) सूर्य अभी तक नहीं निकला है। (9) हमने ताजमहल कभी नहीं देखा है। (10) तुम्हारे मित्र ने किसकी पुस्तक चुरा ली है? (11) क्या वे अभी दिल्ली से नहीं आये हैं? (12) रेलगाड़ी प्लेटफार्म पर क्यों नहीं आई है? (13) तुमने आज क्या खाया है? (14) क्या लड़के निबन्ध लिख चुके हैं? (15) क्या रमेश ने एक **नया मकान** खरीदा है?

***Difficult Words* :** किसान = farmer, अस्त होना = to set, बढ़ई = carpenter, चपरासी = peon, अभ्यास = practice, नया मकान = new house.

●

# *Past Perfect Tense*

*विशेष—*

- Past Perfect Tense का प्रयोग सामान्यतया Complex Sentences में होता है। जब दो घटनाएँ भूतकाल में एक के बाद एक करके घटें और उनका आपस में कोई घनिष्ठ सम्बन्ध हो तो पहली घटना को Past Perfect Tense में तथा दूसरी घटना को Past Indefinite Tense में लिखा जाता है।
- Simple Sentence में भी already, by the end of—by the time, at the age of आदि के प्रयोग द्वारा Past Perfect Tense का प्रयोग किया जाता है।

***निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—***

## Affirmative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | तुम्हारे आने के पहले मैं घर जा चुका था। | **I had gone home** before you came. |
| 2. | वह यह समाचार पहले ही सुन चुका था। | He had already heard the news. |
| 3. | तुम्हारे आने से पहले मैंने यह काम समाप्त कर लिया था। | **I had finished my work** before you came. |
| 4. | वर्षा होने से पहले हम घर पहुँच चुके थे। | **We had reached home** before it rained. |
| 5. | मेरे स्टेशन पहुँचने से पहले गाड़ी छूट चुकी थी। | **The train had started** before I reached the station. |

## Negative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | हमने ऐसा मैच पहले कभी नहीं देखा था। | **We had never seen** such a match before. |
| 2. | तुम्हारे आने से पहले मैं घर नहीं जा चुका था। | **I had not reached the house** before you came. |
| 3. | उसके विद्यालय पहुँचने के बाद घंटी नहीं बजी। | **The bell did not ring** after he had reached the school. |
| 4. | मुझे कल तक आपका पत्र नहीं मिला था। | **I had not received your letter** till yesterday. |
| 5. | मेरे स्टेशन पहुँचने से पहले गाड़ी नहीं चली गई थी। | **The train had not left** before I reached the station. |

## Interrogative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | क्या वर्षा समाप्त होने से पहले तुम काम समाप्त कर चुके थे? | Had you finished your work before it rained? |
| 2. | क्या मेरे आने के बाद वह स्कूल गया था। | Did he go to school after I had come? |
| 3. | सीता ने सोने से पहले पत्र कब लिखी थी? | When had Sita written a letter before she slept? |
| 4. | क्या वह समाचार पहले ही सुन चुका था? | Had he already heard the news? |
| 5. | क्या मेरे आने के बाद वह विद्यालय गया था? | Did he go to school after I had come? |

***पहचान—***

**1.** वाक्य के अन्त में चुका था, चुकी थी, चुके थे, लिया था, गया था आदि शब्दों का प्रयोग किया जाता है।

**2.** इस काल के अधिकतर वाक्य Complex Sentence में होते हैं।

**3.** दोनों घटनायें भूतकाल में ही समाप्त हो चुकी होती हैं।

***नियम—***

- Affirmative वाक्यों में पहले समाप्त होने वाले कार्य के Subject के साथ had तथा क्रिया का IIIrd Form लगाया जाता है। जो कार्य बाद में समाप्त होता है उसमें क्रिया की IInd Form लगाई जाती है।
- यदि वाक्य में 'पहले' या 'पूर्व' शब्द आया हो तो पहले समाप्त होने वाला कार्य Principal Clause की श्रेणी में आता है और बाद में समाप्त होने वाला कार्य Subordinate Clause होता है। उदाहरण संख्या 2 और 5 देखिए।
- यदि वाक्य में 'पश्चात्', 'बाद' या 'कि' शब्द आया हो तो बाद में समाप्त होने वाला कार्य Principal Clause होगा और पहले समाप्त होने वाला कार्य Subordinate Clause होगा। उदाहरण संख्या 3 देखिए।
- **Negative** वाक्यांश की रचना सदैव Principal Clause में होगी। उदाहरण संख्या 1, 2, 3, 5 देखिए।
- Interrogative Sentences में 'क्या' वाक्य के प्रारम्भ में आये तो had को कर्त्ता के पहले लिखते हैं। उदाहरण संख्या 1 व 4 देखिए।
- यदि Principal Clause Past Indefinite Tense में हो तो कर्त्ता के पहले Did लगाकर क्रिया को 1st Form में बदलना होता है। उदाहरण संख्या 2 और 5 देखिए।
- प्रश्नवाचक वाक्य के अन्त में प्रश्नवाचक का चिह्न (?) लगाइये।

***Interrogative Sentences* के उदाहरण देखिए—**

1. सूर्य निकलने के पहले कितने बच्चे उठ चुके थे?
   How many children had got up before sun rose?
2. उसके आने के पहले वह लड़की कौन-सा गीत गा चुकी थी?
   Which song had that girl sung before he came?
3. डॉक्टर साहब के जाने के बाद रोगी ने क्या खाया था?
   What did the patient eat after the doctor had gone?

# Exercise :: 13

***Translate the following sentences into English :***

(1) पुलिस के आने के पहले चोर घर से चला गया था। (2) सात बजे तक सभी दुकानें बन्द हो चुकी थी। (3) हिरन को मारने के बाद **शिकारी** अपने घर लौट आया था। (4) तुम्हारे स्टेशन पहुँचने से पहले रेलगाड़ी नहीं गई थी। (5) पिता जी के जाने के बाद डॉक्टर साहब घर नहीं आये थे। (6) मैंने दिल्ली पहले **कभी नहीं** देखा था। (7) क्या **सूर्य छिपने** के पहले तुमने कार्य समाप्त कर लिया था? (8) क्या तुम समाचार पहले ही सुन चुके थे? (9) क्या चाँद अस्त होने के पहले हम चाय पी चुके थे? (10) तुम्हारे सोने से पहले यहाँ कौन आया था? (11) स्कूल जाने के पूर्व तुम **कितना** दूध पी चुके थे? (12) खाना खाने के बाद मैं उसके घर गया। (13) गाड़ी जाने के पहले मैं टिकट ले चुका था। (14) तुम्हारे आने से पहले वह पाठ याद कर चुका था। (15) पत्र लिखने के पहले वह **समाचार-पत्र** पढ़ लिया था।

***Difficult Words :*** शिकारी = hunter, कभी नहीं = never, सूर्य छिपना = sun set, कितना = how much, समाचार-पत्र = news-paper.

## *Future Perfect Tense*

*निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—*

### Affirmative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वह शाम तक पुस्तक पढ़ चुकेगा। | He will have read the book by evening. |
| 2. | तुम्हारे आने से पहले वह घर जा चुकेगा। | He will have gone home before you come. |
| 3. | मैं सात बजे तक अपने स्कूल पहुँच चुकूँगा। | I shall have reached my school by seven o'clock. |
| 4. | तुम्हारे आने से पहले वह अपना पाठ याद कर चुकेगा। | He will have learnt his lesson before you come. |

### Negative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वह शाम तक पुस्तक नहीं पढ़ चुकेगा। | He will not have read the book by evening. |
| 2. | तुम्हारे आने से पहले वह घर नहीं जा चुकेगा। | He will not have gone home before you come. |
| 3. | मैं सात बजे तक अपने स्कूल नहीं पहुँच चुकूँगा। | I shall not have reached my school by seven o'clock. |
| 4. | तुम्हारे आने से पहले वह अपना पाठ नहीं याद कर चुकेगा। | He will not have learnt his lesson before you come. |

### Interrogative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | क्या वह शाम तक पुस्तक पढ़ चुकेगा? | Will he have read the book by evening? |
| 2. | क्या तुम्हारे आने से पहले वह घर जा चुकेगा? | Will he have gone home before you come? |
| 3. | क्या मैं सात बजे तक अपने स्कूल नहीं पहुँच चुकूँगा? | Shall I not have reached my school by seven o'clock? |
| 4. | तुम्हारे आने से पहले वह अपना पाठ क्यों नहीं याद कर चुकेगा? | Why will he not have learnt his lesson before you come? |
| 5. | प्रधानाचार्य के आने के पहले कौन इस कार्य को कर चुकेगा? | Who will have done this work before the Principal comes? |

*पहचान—*

1. इस Tense के वाक्य 'चुकेगा' 'चुकेगी' 'चुकेंगे' आदि पर समाप्त होते हैं।
2. इस Tense के कार्य भविष्य में दिये गये समय पर समाप्त होते हैं।
3. इस Tense में भविष्य में होने वाले दो कार्यों का भी वर्णन होता है। उदाहरण संख्या 2 और 4 देखिए।

*नियम—*

- Affirmative वाक्यों में I तथा We के साथ shall have तथा अन्य कर्ताओं के साथ will have के बाद क्रिया का IIIrd Form लगाया जाता है।
- जिन वाक्यों में दो कार्यों का उल्लेख होता है उनमें पहले समाप्त होने वाले कार्य को Future Perfect Tense में तथा बाद में समाप्त होने वाले कार्य को Present Indefinite Tense में लिखा जाता है। उदाहरण संख्या 2 और 4 देखिए।
- Negative वाक्यों में shall या will के बाद not लगा दिया जाता है।
- Interrogative वाक्यों में—
  (1) 'क्या' शब्द यदि वाक्य के प्रारम्भ में आता है तो will या shall का प्रयोग कर्त्ता के पहले किया जाता है। उदाहरण संख्या 1, 2, 3 देखिए।
  (2) यदि Question Word वाक्य के बीच में आये तो उनकी अंग्रेजी लिखने के बाद कर्त्ता के पहले ही will या shall का प्रयोग होता है। उदाहरण संख्या 4 देखिए।
  (3) 'Who' (कौन) का प्रयोग कर्त्ता के रूप में हो तो who के बाद will या shall तथा have के बाद क्रिया का IIIrd Form लिखा जाता है। उदाहरण संख्या 5 देखिए।
  (4) How much, how many, whose या which का प्रयोग करते समय सम्बन्धित Noun को ठीक उसके बाद लिखा जाता है।

## Exercise :: 14

***Translate the following sentences into English :***

(1) मैं यह कार्य **दोपहर** से पहले कर लूँगा। (2) तुम कल तक यह कार्य कर चुकोगे। (3) सूर्य निकलने के पहले किसान अपने खेतों में पहुँच चुकेंगे। (4) पिताजी के सोने के पहले माताजी खाना बना चुकेगी। (5) तुम्हारे जाने के पूर्व वह अपनी किताब नहीं पढ़ चुकेगा। (6) **माली** के जाने से पहले ये लड़के **बाग** के फूल नहीं **तोड़ चुकेंगे**। (7) परीक्षा आरम्भ होने से पहले तुम कितना कार्य कर चुकोगे? (8) परीक्षा समाप्त होने के पहले तुम कितने प्रश्न हल कर चुकोगे? (9) क्या **मेहमानों** के आने से पहले रसोइया खाना बना चुकेगा? (10) तुम्हारे जाने से पूर्व वह अपनी किताब नहीं पढ़ चुकेगा।

***Difficult Words* :** दोपहर = afternoon, माली = gardener, बाग = garden, तोड़ना = pluck, मेहमान = guest.

### Present Perfect Tense, Past Perfect Tense तथा Future Perfect Tense का तुलनात्मक विवरण

| *Tense* | *हिन्दी में पहचान* | *अंग्रेजी में पहचान* |
|---|---|---|
| **Present Perfect Tense** | चुका है, चुकी है, चुके हैं, या है, या हूँ, आदि शब्द वाक्य के अन्त में आते हैं। | has या have के साथ क्रिया का IIIrd Form. |
| **Past Perfect Tense** | चुका था, चुकी थी, चुके थे, या था, यी थी आदि शब्द वाक्य के अन्त में आते हैं। | had के साथ क्रिया का IIIrd Form. |
| **Future Perfect Tense** | चुकूँगा, चुकेगी, चुकेंगे आदि शब्द वाक्य के अन्त में आते हैं। | will have या shall have के साथ क्रिया का IIIrd Form. |

# Present Perfect Continuous Tense

*निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—*

## Affirmative Sentences

1. मैं दो घण्टे से अखबार पढ़ रहा हूँ। — I have been reading news paper for two hours.
2. बच्चा सुबह से रो रहा है। — The child has been weeping since morning.
3. वे चार घण्टे से खेल रहे हैं। — They have been playing for four hours.
4. मंगलवार से वर्षा हो रही है। — It has been raining since Tuesday.
5. वह दो बजे से पत्र लिख रही है। — She has been writing a letter since 2 o'clock.

## Negative Sentences

1. मैं दो घण्टे से अखबार नहीं पढ़ रहा हूँ। — I have not been reading newspaper for two hours.
2. बच्चा सुबह से नहीं रो रहा है। — The child has not been weeping since morning.
3. वे चार घण्टे से नहीं खेल रहे हैं। — They have not been playing for four hours.
4. मंगलवार से वर्षा नहीं हो रही है। — It has not been raining since Tuesday.
5. वह दो बजे से पत्र नहीं लिख रही है। — She has not been writing a letter since 2 o'clock.

## Interrogative Sentences

1. क्या मैं दो घण्टे से अखबार पढ़ रहा हूँ? — Have I been reading newspaper for two hours?
2. क्या बच्चा सुबह से रो रहा है? — Has the child been weeping since morning?
3. वे चार घण्टे से कहाँ खेल रहे हैं? — Where have they been playing for four hours?
4. मंगलवार से वर्षा क्यों नहीं हो रही है? — Why has it not been raining since Tuesday?
5. वह दो बजे से पत्र किसे लिख रही है? — Whom has she been writing a letter since 2 o'clock?

*पहचान—*

**1.** वाक्य के अन्त में रहा है, रहे हैं, रही है आदि शब्द आते हैं।

**2.** काम जारी रखने का समय दिया जाता है।

*नियम—*

- Affirmative वाक्यों में he, she, it तथा एकवचन के कर्त्ता के साथ has been तथा Verb के Ist Form में ing लगाया जाता है। उदाहरण संख्या 2, 4, 5 देखिए।
- You, we, they तथा बहुवचन के कर्त्ता के साथ have been तथा क्रिया के Ist Form में ing लगता है। उदाहरण संख्या 1 तथा 3 देखिए।
- निश्चित समय (Point of time) के लिये since तथा अनिश्चित समय (Period of time) के लिये for का प्रयोग किया जाता है।
- Negative वाक्यों में have या has के बाद not लगा दिया जाता है।
- Interrogative वाक्यों में—
  (1) यदि 'क्या' शब्द वाक्य के प्रारम्भ में है तो has या have को कर्त्ता के पहले लिखा जाता है। उदाहरण संख्या 1, 2 देखिए।
  (2) यदि प्रश्नवाचक शब्द वाक्य के बीच में हो तो उनकी अंग्रेजी पहले लिखकर तब has या have का प्रयोग कर्त्ता के पूर्व किया जाता है। उदाहरण संख्या 3, 4, 5 देखिए।
  (3) प्रश्नवाचक के अन्त में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) लगाया जाता है।
  (4) How many, how much, which तथा whose के साथ सम्बन्धित Noun का प्रयोग करने के बाद has या have का प्रयोग किया जाता है।

# Exercise :: 15

***Translate the following sentences into English :***

(1) मैं दो घण्टे से अपना पाठ याद कर रहा हूँ। (2) वह इस मकान में सन् 1990 से रह रही है। (3) किसान सुबह सात बजे से **हल जोत** रहा है। (4) तुम सुबह से खेलते रहे हो। (5) मास्टर साहब एक मास से **इतिहास** नहीं पढ़ा रहे हैं। (6) मुझे एक मास से **बुखार** नहीं आ रहा है। (7) क्या सुबह से वर्षा हो रही है? (8) क्या राजू दो वर्ष से तुम्हारी सहायता कर रहा है? (9) तुम्हारा कुत्ता आज **आधी रात** से क्यों **भौंक रहा** है? (10) ये लड़कियाँ कबसे अपना पाठ याद नहीं कर रही हैं?

***Difficult Words :*** हल जोतना = plough, इतिहास = History, बुखार = fever, आधी रात = midnight, भौंकना = bark.

## Past Perfect Continuous Tense

*निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—*

### Affirmative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मैं कल से पुस्तक पढ़ रहा था। | I had been reading a book since yesterday. |
| 2. | पुलिस चोरों को पाँच दिन से खोज रही थी। | Police had been searching the thieves for five days. |
| 3. | वह दो दिन से मेरी सहायता कर रहा था। | He had been helping me for two days. |
| 4. | हम मैदान में दो घण्टे से खेल रहे थे। | We had been playing in the field for two hours. |
| 5. | वे स्त्रियाँ सुबह से कपड़े धो रही थी। | Those women had been washing clothes since morning. |

### Negative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मैं कल से पुस्तक नहीं पढ़ रहा था। | I had not been reading a book since yesterday. |
| 2. | पुलिस चोरों को पाँच दिन से नहीं खोज रही थी। | Police had not been searching the thieves for five days. |
| 3. | वह दो दिन से मेरी सहायता नहीं कर रहा था। | He had not been helping me for two days. |
| 4. | हम मैदान में दो घण्टे से नहीं खेल रहे थे। | We had not been playing in the field for two hours. |
| 5. | वे स्त्रियाँ सुबह से कपड़े नहीं धो रही थी। | Those women had not been washing clothes since morning. |

### Interrogative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | क्या मैं कल से पुस्तक पढ़ रहा था? | Had I been reading a book since yesterday? |
| 2. | क्या पुलिस चोरों को पाँच दिन से नहीं खोज रही थी? | Had police not been searching the thieves for five days? |
| 3. | वह दो दिन से मेरी सहायता क्यों नहीं कर रहा था? | Why had he not been helping me for two days? |
| 4. | हम मैदान में दो घण्टे से कब खेल रहे थे? | When had we been playing for two hours in the field? |
| 5. | वे स्त्रियाँ सुबह से कपड़े कहाँ धो रही थी? | Where had those women been washing clothes since morning? |

***पहचान—***

**1.** इन वाक्यों में ऐसे कार्यों का वर्णन होता है जो भूतकाल में प्रारम्भ होकर भूतकाल में ही जारी रहें।

**2.** वाक्यों के अन्त में 'रहा था', 'रहे थे', 'रही थी' आदि शब्द आते हैं।

*नियम—*

- Affirmative वाक्यों में Subject के साथ had been का प्रयोग तथा Ist Form की क्रिया में ing लगता है। उदाहरण संख्या 1 से 5 तक देखिए।
- Since एवं for का प्रयोग Present Perfect Continuous Tense की ही भाँति होता है।
- Negative वाक्यों में had के बाद not लगाया जाता है।
- प्रश्नवाचक वाक्यों में—
  (1) वाक्य के अन्त में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) का प्रयोग किया जाता है।
  (2) यदि वाक्य के प्रारम्भ में 'क्या' से प्रश्न किया गया है तो had को कर्त्ता के पहले लिखते हैं। उदाहरण संख्या 1, 2 देखिए।
  (3) यदि प्रश्नवाचक शब्द वाक्य के बीच में है तो उसकी अंग्रेजी लिखकर had तथा कर्त्ता तथा क्रिया के Ist Form में ing लगता है। उदाहरण संख्या 3, 4, 5 देखिए।
  (4) How many, how much, which, whose प्रश्नवाचक शब्दों के साथ सम्बन्धित Noun भी आता है जैसे—
    - कितने खिलाड़ी सुबह से हॉकी खेल रहे थे?
      How many players had been playing hockey since morning?

## Exercise :: 16

***Translate the following sentences into English :***

(1) मैं दो बजे से क्रिकेट खेल रहा था। (2) हम आप की दो घण्टे से **प्रतीक्षा कर** रहे थे। (3) यह बच्चा दो घण्टे से रो रहा था। (4) राधा तीन बजे से **भूगोल याद कर** रही थी। (5) कमला पाँच दिन से **अंग्रेजी व्याकरण** नहीं पढ़ रही थी। (6) माताजी सुबह से मन्दिर नहीं जा रही थी। (7) क्या वह चार बजे से **खेत जोत रहा** था? (8) रमेश एक सप्ताह से कहाँ सो रहा था? (9) **माली** दो घण्टों से पौधों को **पानी** क्यों नहीं दे रहा था? (10) रामा अपने भाई को एक घण्टे से क्या पढ़ा रही थी?

***Difficult Words :*** प्रतीक्षा करना = wait, भूगोल = Geography, याद करना = learn, अंग्रेजी व्याकरण = English grammar, खेत जोतना = plough, माली = gardener, पानी देना = watering.

# *Future Perfect Continuous Tense*

***निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—***

### Affirmative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | लड़के दो घण्टे से खेल रहे होंगे। | The boys will have been playing for two hours. |
| 2. | राम दो बजे से पत्र लिखता रहेगा। | Ram will have been writing a letter since 2 o'clock. |
| 3. | वे सुबह तक यात्रा करते रहेंगे। | They will have been travelling till morning. |
| 4. | ममता अपना कार्य सोमवार तक करती रहेगी। | Mamta will have been doing her work till Monday. |
| 5. | हरी दो बजे तक किताब पढ़ता रहेगा। | Hari will have been reading a book till 2 o'clock. |

### Negative Sentences

| | | |
|---|---|---|
| 1. | लड़के दो घण्टे से नहीं खेल रहे होंगे। | The boys will not have been playing for two hours. |
| 2. | वह एक साल से कठिन परिश्रम नहीं कर रहा होगा। | He will not have been doing hard work for a year. |

3. राम दो बजे से पत्र नहीं लिखता रहेगा। — Ram will have not been writing a letter since 2 o'clock.
4. वे सुबह तक यात्रा नहीं करते रहेंगे। — They will not have been travelling till morning.

## Interrogative Sentences

1. क्या लड़के दो घण्टे से खेल रहे होंगे? — Will the boys have been playing for two hours?
2. क्या वह एक साल से कठिन परिश्रम नहीं कर रहा होगा? — Will he not have been doing hard work for a year?
3. कौन अपना कार्य सोमवार तक करता रहेगा? — Who will have been doing his work till Monday?
4. क्या खिलाड़ी दो घण्टे से खेल रहे होंगे? — Will the players have been playing for two hours?
5. वह आधी रात से क्यों यात्रा कर रहा होगा? — Why will he have been travelling since mid- night?

***पहचान—***

**1.** इस काल के वाक्यों में 'रहा होगा', 'रहे होंगे', रहा हूँगा आदि शब्द अन्त में प्रयोग किये जाते हैं।
**2.** कार्य के जारी रहने का समय दिया रहता है।

***नियम—***

- Affirmative Sentences में I तथा We के साथ shall have been तथा सभी Subjects के साथ will have been लगाया जाता है। इसके बाद Verb की first form में ing जोड़ दिया जाता है।
- Since या for का प्रयोग Present Perfect Continuous Tense की भाँति किया जाता है।
- Negative वाक्यों में shall या will के बाद not लगा दिया जाता है।
- Interrogative वाक्यों में—
  (1) यदि 'क्या' शब्द वाक्य के प्रारम्भ में रहता है तो shall या will को कर्त्ता के पहले लिखा जाता है।
  (2) यदि प्रश्नवाचक शब्द क्या, कहाँ, कब, क्यों आदि वाक्य के मध्य में रहते हैं तो इनकी अंग्रेजी लिखकर shall या will का प्रयोग कर्त्ता के पहले किया जाता है।
  (3) वाक्य के अन्त में प्रश्नवाचक का चिन्ह (?) लगाया जाता है।

## Exercise :: 17

***Translate the following sentences into English :***

(1) तुम्हारी बहन तीन वर्ष तक इस कॉलेज में पढ़ती रहेगी। (2) माली इस बाग में तीन घण्टे तक पानी डालता रहेगा। (3) हम इस समय दो दिन तक खेलते रहेंगे। (4) ये लड़कियाँ कुछ समय तक नदी में स्नान करती रहेंगी। (5) यह लड़का दो घण्टे तक अपना पाठ याद नहीं करता रहेगा। (6) तुम एक सप्ताह तक उसकी सहायता नहीं करते रहोगे। (7) हम एक घण्टे तक कोई कार्य नहीं करते रहेंगे। (8) क्या तुम पाँच घण्टे तक राजेश की प्रतीक्षा करते रहोगे? (9) तुम्हें पन्द्रह मिनट तक कौन नहीं पढ़ाता रहेगा? (10) यह बूढ़ा व्यक्ति एक सप्ताह तक क्यों यात्रा नहीं करता रहेगा?

●

# *Imperative, Optative and Exclamatory Sentences*

## Imperative Sentences

***निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—***

1. दरवाजा बन्द करो। — Shut the door.
2. कक्षा से बाहर जाओ। — Get out from the class.
3. मुझे एक गिलास पानी लाओ। — Bring me a glass of water.
4. सच बोलो। — Speak the truth.

5. कृपया मेरी सहायता कीजिए। — Please, help me.
6. कृपया अपनी किताब दीजिए। — Kindly give me your book.
7. यहाँ मत बैठो। — Do not sit here.
8. वहाँ मत जाओ। — Do not go there.
9. मुझे जाने दीजिए। — Let me go.
10. कभी झूठ मत बोलो। — Never tell a lie.
11. आओ हम लोग स्कूल चलें। — Let us go to school.

☞ ***विशेष—***

- Imperative Sentences से आज्ञा (order), प्रार्थना (request), परामर्श (suggestion/advice) आदि का बोध होता है।

***नियम—***

- इस प्रकार के वाक्यों में You (कर्त्ता) छिपा रहता है। वाक्य का प्रारम्भ क्रिया के Ist form से होता है। उदाहरण संख्या 1, 2, 3, 4 देखिए।
- प्रार्थना वाले वाक्यों में kindly या please शब्द का प्रयोग किया जाता है। उदाहरण संख्या 5 व 6 देखिए।
- नकारात्मक वाक्यों के प्रारम्भ में 'Do not' या 'Don't' का प्रयोग किया जाता है। उदाहरण संख्या 7, 8 देखिए।
- परामर्श या प्रस्ताव के वाक्यों में Let का प्रयोग होता है। उदाहरण संख्या 9, 11 देखिए।

## Exercise :: 18

***Translate the following sentences into English :***

(1) खिड़की बन्द करो। (2) बुरे लड़कों के साथ मत खेलो। (3) अपनी कलम दीजिए। (4) कृपया शान्तिपूर्वक बैठ जाइए। (5) दूध पी लो। (6) मुझे पढ़ने दीजिए। (7) वहाँ मत जाओ। (8) निर्धनों का अपमान मत करो। (9) चोर को भागने मत दो। (10) गरीबों की सहायता कीजिए। (11) कृपया **धूप में** बाहर मत जाइए। (12) हम पर **दया करो**। (13) **फर्श** पर मत थूको। (14) सदैव अध्यापकों का आदर करो। (15) मुझे अब आराम करने दो।

***Difficult Words :*** धूप में—in the sun, फर्श—Floor, दया करो—have pity

## Optative Sentences

***निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—***

1. ईश्वर तुम्हे चिरायु करे। — May you live long!
2. भगवान तुम्हारे बच्चों की रक्षा करे। — May God protect your children!
3. ईश्वर तुम्हे सफलता प्रदान करे। — May God grant you success!
4. ईश्वर इस पापी को क्षमा करे। — May God pardon this sinner!
5. भगवान तुम्हारे राजा को चिरायु करे। — May God bless your king a long life!

***पहचान—***

**1.** इस प्रकार के वाक्यों के अन्त में सम्बोधन का चिन्ह (!) लगा रहता है।
**2.** इस प्रकार के वाक्यों में ईश्वर से इच्छा या प्रार्थना प्रकट की जाती है।

## Exclamatory Sentences

***निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—***

1. ओह! वह मर गया। — Alas! He died.
2. छिः! छिः! ऐसा मजाक। — Fie! Fie! such a joke!

3. वर्षा कितनी सुन्दर है। How beautiful the rain is!
4. कितना भयानक दृश्य है। What horrible sight it is!
5. तुम कितने मूर्ख हो। How foolish you are!

*पहचान—*

1. इस प्रकार के वाक्यों में दुख, हर्ष, प्रसन्नता, आश्चर्य आदि का भाव प्रकट होता है।
2. वाक्य में प्रायः सम्बोधन का चिन्ह (!) लगा रहता है।
3. अंग्रेजी में Alas, Ah, Hurrah आदि शब्दों का प्रयोग किया जाता है।

## Exercise :: 19

***Translate the following sentences into English :***

- **Optative Sentences :**
  (1) ईश्वर आपको बेटा दे। (2) तुम्हारे शत्रु का नाश हो। (3) ईश्वर सदैव आप की रक्षा करे। (4) आप दीर्घायु हों। (5) काश!, मैं प्रथम श्रेणी में पास होता।
- **Exclamatory Sentences :**
  (1) ओह! वह मर गई। (2) अहा! हम विजयी हो गये। (3) ओह! कितना सुहावना मौसम है। (4) चित्र कितना सुन्दर है! (5) ताजमहल कितनी सुन्दर इमारत है! (6) तुम कितने मूर्ख आदमी हो!

●

# *Active and Passive Voice*

***निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—***

1. He writes a letter. *(Active Voice)*
   A letter is written by him. *(Passive Voice)*
2. Mohan is buying a book. *(Active Voice)*
   A book is being bought by Mohan. *(Passive Voice)*
3. She has drunk all the milk. *(Active Voice)*
   All the milk has been drunk by her. *(PassiveVoice)*
4. He gave me a book. *(Active Voice)*
   A book was given to me by him. *(Passive Voice)*

***नियम—***

उपर्युक्त वाक्यों से स्पष्ट है कि—

- Active Voice में वाक्य कर्त्ता प्रधान होता है। अतः क्रिया (Verb) का कर्त्ता स्वयं कार्य करता है जबकि Passive Voice में वाक्य कर्म प्रधान होता है। कर्त्ता निष्क्रिय रहता है। कर्त्ता को Object बनाकर उसके पूर्व 'by' लगा दिया जाता है।
- Passive Voice सभी Tense की नहीं बनती है। 12 में से 8 Tenses की ही Passive Voice बनाई जाती है। Future Continuous Tense , Present Perfect Continuous Tense, Past Perfect Continuous Tense तथा Future Perfect Continuous Tense की Passive Voice नहीं बनती।
- Passive Voice में क्रिया का केवल IIIrd Form का ही प्रयोग किया जाता है।
- Transitive Verb की ही Passive Voice बनती है। Intransitive Verb की नहीं; किन्तु जब Intransitive

Verb के साथ Cognate Object हो या Verb के साथ Preposition प्रयुक्त हो रहा हो तो ऐसे वाक्यों की Passive Voice बन जाती है; जैसे—

(1) He looked into the matter. *(Active Voice)*
The matter was looked into by him. *(Passive Voice)*

(2) She ran a race. *(Active Voice)*
A race was run by her. *(Passive Voice)*

## Simple Present Tense

***निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—***

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | मैं एक पत्र लिखता हूँ। | I write a letter. | *(Active Voice)* |
| | एक पत्र मेरे द्वारा लिखा जाता है। | A letter is written by me. | *(Passive Voice)* |
| 2. | वह पानी पीती है। | She drinks water. | *(Active Voice)* |
| | उसके द्वारा पानी पिया जाता है। | Water is drunk by her. | *(Passive Voice)* |
| 3. | तुम्हें हिन्दी कौन पढ़ाता है? | Who teaches you Hindi? | *(Active Voice)* |
| | तुम्हें हिन्दी किसके द्वारा पढ़ाई जाती है? | By whom are you taught Hindi? | *(Passive Voice)* |
| 4. | क्या तुम एक गीत गाते हो? | Do you sing a song? | *(Active Voice)* |
| | क्या गीत तुम्हारे द्वारा गाया जाता है? | Is a song sung by you? | *(Passive Voice)* |
| 5. | तुम किताब क्यों खरीदते हो? | Why do you buy a book? | *(Active Voice)* |
| | तुम्हारे द्वारा किताब क्यों खरीदी जाती है? | Why is a book bought by you? | *(Passive Voice)* |

***नियम—***

- Simple Present Tense में is, am, are के साथ क्रिया का IIIrd Form प्रयुक्त होता है।
- Yes/No Answer प्रश्नों में is, am, are को कर्त्ता के पहले प्रयोग किया जाता है। उदाहरण संख्या 4 देखिए।
- Wh प्रश्नों में प्रश्नवाचक शब्द के बाद is, am, are का प्रयोग होता है। उदाहरण संख्या 5 देखिए।

## Simple Past Tense

***निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—***

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | मैंने एक पत्र लिखा। | I wrote a letter. | *(Active Voice)* |
| | मेरे द्वारा एक पत्र लिखा गया। | A letter was written by me. | *(Passive Voice)* |
| 2. | तुमने पानी पी लिया। | You drank water. | *(Active Voice)* |
| | पानी तुम्हारे द्वारा पी लिया गया। | Water was drunk by you. | *(Passive Voice)* |
| 3. | तुम्हें हिन्दी किसने पढ़ाया? | Who taught you Hindi? | *(Active Voice)* |
| | तुम्हे हिन्दी किसके द्वारा पढ़ाई गई? | By whom were you taught Hindi? | *(Passive Voice)* |
| 4. | क्या तुमने गीत गाया? | Did you sing a song? | *(Active Voice)* |
| | क्या गीत तुम्हारे द्वारा गाया गया? | Was a song sung by you? | *(Passive Voice)* |
| 5. | तुमने किताब क्यों खरीदी? | Why did you buy a book? | *(Active Voice)* |
| | तुम्हारे द्वारा किताब क्यों खरीदी गई? | Why was a book bought by you? | *(Passive Voice)* |

***नियम—***

- Simple Past Tense में was/were के साथ क्रिया के IIIrd Form का प्रयोग किया जाता है। उदाहरण संख्या 1, 2, 3 देखिए।
- Yes/No Answer वाले प्रश्नों में was/were को कर्त्ता के पहले प्रयोग किया जाता है। उदाहरण संख्या 4 देखिए।
- Wh प्रश्नों में प्रश्नवाचक शब्द के बाद was/were का प्रयोग कर्त्ता के पहले किया जाता है। उदाहरण संख्या 5 देखिए।

## Simple Future Tense

***निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—***

| | | |
|---|---|---|
| 1. मैं एक पत्र लिखूँगा। | I shall write a letter. | (*Active Voice*) |
| एक पत्र मेरे द्वारा लिखा जायेगा। | A letter will be written by me. | (*Passive Voice*) |
| 2. तुम पानी पीओगे। | You will drink water. | (*Active Voice*) |
| पानी तुम्हारे द्वारा पी लिया जायेगा। | Water will be drunk by you. | (*Passive Voice*) |
| 3. तुम्हें हिन्दी कौन पढ़ायेगा? | Who will teach you Hindi? | (*Active Voice*) |
| हिन्दी तुम्हें किसके द्वारा पढ़ाई जायेगी? | By whom will you be taught Hindi? | (*Passive Voice*) |
| 4. क्या तुम गीत गाओगे? | Will you sing a song? | (*Active Voice*) |
| क्या गीत तुम्हारे द्वारा गाया जायेगा? | Will a song be sung by you? | (*Passive Voice*) |
| 5. तुम गीत क्यों गाओगे? | Why will you sing a song? | (*Active Voice*) |
| तुम्हारे द्वारा गीत क्यों गाया जायेगा? | Why will a song be sung by you? | (*Passive Voice*) |

***नियम—***

- Simple Future Tense में will be या shall be के साथ क्रिया के IIIrd Form का प्रयोग किया जाता है। उदाहरण संख्या 1, 2, 3 देखिए।
- Yes/No Answer वाले प्रश्नों में will या shall कर्त्ता से पहले लिखा जाता है। उदाहरण संख्या 4 देखिए।
- Wh प्रश्नों में प्रश्नवाचक शब्द की अंग्रेजी लिखने के बाद कर्त्ता के पहले will या shall का प्रयोग होता है। उदाहरण संख्या 5 देखिए।

## Present Continuous Tense

***निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—***

| | | |
|---|---|---|
| 1. मैं एक पत्र लिख रहा हूँ। | I am writing a letter. | (*Active Voice*) |
| एक पत्र मेरे द्वारा लिखा जा रहा है। | A letter is being written by me. | (*Passive Voice*) |
| 2. तुम पानी पी रहे हो। | You are drinking water. | (*Active Voice*) |
| पानी तुम्हारे द्वारा पी लिया जा रहा है। | Water is being drunk by you. | (*Passive Voice*) |
| 3. तुम्हें हिन्दी कौन पढ़ा रहा है? | Who is teaching you Hindi? | (*Active Voice*) |
| हिन्दी किसके द्वारा तुम्हे पढ़ाई जा रही है? | By whom are you being taught Hindi? | (*Passive Voice*) |
| 4. क्या तुम गीत गा रहे हो? | Are you singing a song? | (*Active Voice*) |
| क्या गीत तुम्हारे द्वारा गाया जा रहा है? | Is a song being sung by you? | (*Passive Voice*) |
| 5. तुम गीत क्यों गा रहे हो? | Why are you singing a song? | (*Active Voice*) |
| तुम्हारे द्वारा गीत क्यों गाया जा रहा है? | Why is a song being sung by you? | (*Passive Voice*) |

***नियम—***

- Present Continuous Tense में is, am, are के साथ being तथा क्रिया का IIIrd Form Passive Voice में प्रयोग किया जाता है। उदाहरण संख्या 1, 2 देखिए।
- Yes/No Answer वाले प्रश्नों में is, am, are कर्त्ता के पहले लिखा जाता है। उदाहरण संख्या 4 देखिए।
- Wh वाले प्रश्नों में प्रश्नवाचक शब्द की अंग्रेजी लिखने के बाद is, am, are को कर्त्ता के पहले लिखा जाता है। उदाहरण संख्या 5 देखिए।

## Past Continuous Tense

***निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—***

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | मैं एक पत्र लिख रहा था। | I was writing a letter. | (*Active Voice*) |
| | एक पत्र मेरे द्वारा लिखा जा रहा था। | A letter was being written by me. | (*Passive Voice*) |
| 2. | तुम पानी पी रहे थे। | You were drinking water. | (*Active Voice*) |
| | पानी तुम्हारे द्वारा पी लिया जा रहा था। | Water was being drunk by you. | (*Passive Voice*) |
| 3. | तुम्हें हिन्दी कौन पढ़ा रहा था? | Who was teaching you Hindi? | (*Active Voice*) |
| | हिन्दी तुम्हें किसके द्वारा पढ़ाई जा रही थी? | By whom were you being taught Hindi? | (*Passive Voice*) |
| 4. | क्या तुम गीत गा रहे थे? | Were you singing a song? | (*Active Voice*) |
| | क्या गीत तुम्हारे द्वारा गाया जा रहा था? | Was a song being sung by you? | (*Passive Voice*) |
| 5. | तुम गीत क्यों गा रहे थे? | Why were you singing a song? | (*Active Voice*) |
| | गीत तुम्हारे द्वारा क्यों गाया जा रहा था? | Why was a song being sung by you? | (*Passive Voice*) |

***नियम—***

- Past Continuous Tense में was/were के साथ being तथा क्रिया का IIIrd Form लगाया जाता है। उदाहरण संख्या 1, 2 देखिए।
- Yes/No Answer वाले प्रश्नों में was/were को कर्त्ता के पहले लिखा जाता है। उदाहरण संख्या 4 देखिए।
- Wh वाले प्रश्नों में प्रश्नवाचक शब्द की अंग्रेजी लिखने के बाद was/were कर्त्ता के पहले प्रयोग किये जाते हैं। उदाहरण संख्या 5 देखिए।

## Present Perfect Tense

***निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—***

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | मैं एक पत्र लिख चुका हूँ। | I have written a letter. | (*Active Voice*) |
| | एक पत्र मेरे द्वारा लिखा जा चुका है। | A letter has been written by me. | (*Passive Voice*) |
| 2. | तुम पानी पी चुके हो। | You have drunk water. | (*Active Voice*) |
| | पानी तुम्हारे द्वारा पी लिया गया है। | Water has been drunk by you. | (*Passive Voice*) |
| 3. | तुम्हें हिन्दी कौन पढ़ा चुका है। | Who has taught you Hindi? | (*Active Voice*) |
| | हिन्दी तुम्हें किसके द्वारा पढ़ाई जा चुकी है। | By whom have you been taught Hindi? | (*Passive Voice*) |
| 4. | क्या तुम गीत गा चुके हो? | Have you sung a song? | (*Active Voice*) |
| | क्या गीत तुम्हारे द्वारा गाया जा चुका है। | Has a song been sung by you? | (*Passive Voice*) |
| 5. | तुम गीत क्यों गा चुके हो? | Why have you sung a song? | (*Active Voice*) |
| | गीत तुम्हारे द्वारा क्यों गाया जा चुका है? | Why has a song been sung by you? | (*Passive Voice*) |

***नियम—***

1. Present Perfect Tense में has या have के साथ been तथा क्रिया का IIIrd Form—Passive Voice में लगाया जाता है। उदाहरण संख्या 1, 2 देखिए।
2. Yes/No Answer वाले प्रश्नों में has/have को कर्त्ता के पहले लिखा जाता है। उदाहरण संख्या 4 देखिए।
3. Wh प्रश्नों में प्रश्नवाचक शब्दों की अंग्रेजी तथा उसके बाद has/have लिखकर कर्त्ता लिखा जाता है। उदाहरण संख्या 5 देखिए।

## Past Perfect Tense

***निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—***

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | मैं एक पत्र लिख चुका था। | I had written a letter. | (*Active Voice*) |
| | एक पत्र मेरे द्वारा लिखा जा चुका था। | A letter had been written by me. | (*Passive Voice*) |
| 2. | तुम पानी पी चुके थे। | You had drunk water. | (*Active Voice*) |
| | पानी तुम्हारे द्वारा पी लिया जा चुका था। | Water had been drunk by you. | (*Passive Voice*) |
| 3. | तुम्हें हिन्दी कौन पढ़ा चुका था? | Who had taught you Hindi? | (*Active Voice*) |
| | हिन्दी किसके द्वारा तुम्हे पढ़ाई जा चुकी थी? | By whom had you been taught Hindi? | (*Passive Voice*) |
| 4. | क्या तुम गीत गा चुके थे? | Had you sung a song? | (*Active Voice*) |
| | क्या गीत तुम्हारे द्वारा गाया जा चुका था? | Had a song been sung by you? | (*Passive Voice*) |
| 5. | तुम गीत क्यों गा चुके थे? | Why had you sung a song? | (*Active Voice*) |
| | गीत तुम्हारे द्वारा क्यों गाया जा चुका था? | Why had a song been sung by you? | (*Passive Voice*) |

***नियम—***

- Past Perfect Tense में had के साथ been तथा क्रिया का IIIrd form—Passive Voice में लगाया जाता है। उदाहरण संख्या 1, 2 देखिए।
- Yes/No Answer वाले प्रश्नों में had को कर्त्ता के पहले लिखा जाता है। उदाहरण संख्या 4 देखिए।
- Wh वाले प्रश्नों में प्रश्नवाचक शब्दों तथा उसके बाद had लिखा जाता है। उदाहरण संख्या 5 देखिए।

## Future Perfect Tense

***निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—***

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | मैं एक पत्र लिख चुका हूँगा। | I shall have written a letter. | (*Active Voice*) |
| | पत्र मेरे द्वारा लिखा जा चुका होगा। | A letter will have been written by me. | (*Passive Voice*) |
| 2. | तुम पानी पी चुके होगे। | You will have drunk water. | (*Active Voice*) |
| | पानी तुम्हारे द्वारा पी लिया गया होगा। | Water will have been drunk by you. | (*Passive Voice*) |
| 3. | तुम्हें हिन्दी कौन पढ़ा चुका होगा? | Who will have taught you Hindi? | (*Active Voice*) |
| | हिन्दी तुम्हें किसके द्वारा पढ़ाई जा चुकी होगी? | By whom will you have been taught Hindi? | (*Passive Voice*) |
| 4. | क्या तुम गीत गा चुके होगे? | Will you have sung a song? | (*Active Voice*) |
| | क्या गीत तुम्हारे द्वारा गाया जा चुका होगा? | Will a song have been sung by you? | (*Passive Voice*) |
| 5. | तुम गीत क्यों गा चुके होगे? | Why will you have sung a song? | (*Active Voice*) |
| | गीत तुम्हारे द्वारा क्यों गाया जा चुका होगा? | Why will a song have been sung by you? | (*Passive Voice*) |

***नियम—***

- Future Perfect Tense में Passive Voice बनाने हेतु will have been या shall have been के साथ क्रिया के IIIrd Form का प्रयोग किया जाता है। उदाहरण संख्या 1, 2 देखिए।
- Yes/No Answer वाले प्रश्नों में will या shall को कर्त्ता के पहले लिखा जाता है। उदाहरण संख्या 4 देखिए।
- Wh वाले प्रश्नों में प्रश्नवाचक शब्द की अंग्रेजी लिखने के बाद will या shall का प्रयोग कर्त्ता के पहले किया जाता है। उदाहरण संख्या 5 देखिए।

## Imperative Sentences

***निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—***

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | दरवाजा बन्द करो। | Shut the door. | (*Active Voice*) |
| | | Let the door be shut by you. | (*Passive Voice*) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | एक गिलास पानी लाइये। | Bring a glass of water. | (*Active Voice*) |
| | | Let a glass of water be brought by you. | (*Passive Voice*) |
| 3. | निर्धनों की सहायता करो। | Help the poor. | (*Active Voice*) |
| | | Let the poor be helped. | (*Passive Voice*) |
| 4. | कृपया बैठ जाइये। | Please, sit down. | (*Active Voice*) |
| | | You are requested to sit down. | (*Passive Voice*) |
| 5. | खिड़की मत खोलो। | Do not open the window. | (*Active Voice*) |
| | | Let the window not be opened. | (*Passive Voice*) |
| 6. | कृपया यहाँ मत बैठिये। | Please, do not sit here. | (*Active Voice*) |
| | | You are requested not to sit here. | (*Passive Voice*) |

***नियम*—**

- Passive Voice बनाते समय Let का प्रयोग किया जाता है। Let के बाद Object तथा उसके बाद be लगाकर क्रिया का IIIrd Form लिखा जाता है।

**(Let + Object + be + IIIrd Form of Verb)**

- Negative Sentences में not को be के पूर्व लगाते हैं। उदाहरण संख्या 5 देखिए।
- प्रार्थना वाले वाक्यों में Please को हटाकर You are requested लिखा जाता है। उसके बाद क्रिया के पहले To लगाया जाता है। उदाहरण संख्या 4 देखिए।

## Exercise :: 20

***Translate the following sentences into English :***

(1) यह किताब मेरे द्वारा नहीं लिखी गई है। (2) चोर पुलिस द्वारा पकड़ा गया है। (3) सब्जियाँ महंगी बिक रही हैं। (4) लड़के पढ़ाये जा रहे हैं। (5) इस लड़की द्वारा गीत गाया जा रहा है। (6) क्या दूध पी लिया गया है? (7) पत्र लिखा जा चुका है। (8) किताबें पढ़ ली गई हैं।? (9) क्या उसे पत्र भेजा जा चुका था? (10) कक्षा में शोर मत करो। (11) ठण्डा पानी मत पीना। (12) उसे पाठ याद करने दो। (13) मुझे घर चला जाने दो। (14) उसे गीत गा लेने दो। (15) गरीबों से घृणा मत करो। (16) कृपया मुझे बाहर जाने दीजिए।

●

# *Non-Finites*

Non-Finites ऐसी क्रियाएँ हैं जिनमें कर्त्ता के अनुसार परिवर्तन की आवश्यकता नहीं पड़ती है। यह तीन प्रकार की होती हैं—

- Participle
- Infinitive
- Gerund

## PARTICIPLE

Participle का निर्माण Verb से होता है। यह Verb के अलावा Adjective का भी कार्य करता है। यह तीन प्रकार का होता है—

**1. Present Participle**—यह Verb के Ist form में ing लगाने से बनता है।

**Present Participle = Ist form of Verb + ing**

**निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—**

(i) दाहिने मुड़ने पर तुम्हें पोस्ट ऑफिस मिलेगा।
**Turning** to the right, you will get the post office.

(ii) निशाना लेकर उसने शेर को मार दिया।
**Taking** aim, he shot the lion.
(iii) पुलिस को देखकर चोर भाग गया।
**Seeing** the police, the thief ran away.

उपर्युक्त उदाहरणों में Turning, Taking and Seeing सभी Present Participle हैं।

**2. Past Participle**

**निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—**

(i) मैंने एक घायल सर्प रास्ते में देखा।
I saw a **wounded** snake on the way.
(ii) मैंने अपनी खोई हुई पुस्तक प्राप्त कर ली।
I got my **lost** book.
(iii) अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य कल विद्यालय आये थे।
The retired Principal came to school yesterday.

***विशेष***—Past Participle के रूप में क्रिया के IIIrd Form का प्रयोग किया जाता है। इसका कार्य Noun या Pronoun की विशेषता बताना होता है। उपरोक्त उदाहरणों में wounded, lost तथा retired Past Participle हैं।

**3. Perfect Participle**

**निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—**

(i) आगरा जाकर उसने ताजमहल देखा।
**Having gone** to Agra, he saw the Taj Mahal.
(ii) अपना कार्य समाप्त कर मैं कार्यालय चला गया।
**Having finished** my work, I went to office.
(iii) लखनऊ जाकर उसने अपने मित्र से मुलाकात किया।
**Having gone** to Lucknow, he met his friend.

***विशेष***—'Perfect Participle' having के साथ क्रिया के third form का प्रयोग करने से बनता है। Having gone तथा Having finished इन वाक्यों में Perfect Participle है।

## Exercise :: 21

***Translate the following sentences into English :***

(1) मैंने **घड़ा** ले जाते हुए एक स्त्री को देखा। (2) बाजार जाकर उसने एक किताब खरीदी। (3) चीता को देखकर वह भाग गया। (4) मैंने आकाश में **उड़ती हुई** एक चिड़िया देखी। (5) स्नान करके मैं मन्दिर गया। (6) खाना खाकर वह विद्यालय गई। (7) **घायल सैनिक** अस्पताल में मर गया। (8) कमरे में घुसने पर मैंने उसे सोया हुआ पाया। (9) बालिका **रोती हुई** घर वापस **लौट आयी**। (10) उसकी बात सुनकर मैं **हँस पड़ा**। (11) वह **अवकाश प्राप्त** अध्यापक है। (12) उसने **शोर मचाकर** दरवाजा बन्द कर दिया।

***Difficult Words :*** घड़ा = pitcher, उड़ती हुई = flying, घायल = wounded, सैनिक = soldier, रोती हुई = weeping, लौट आयी = came back, हँस पड़ा = laughed, अवकाश प्राप्त = retired, शोर मचाकर = making a noise.

## INFINITIVE

Verb की Ist form के पहले to लगा देने से Infinitive बनता है।

**To + Verb का Ist form= Infinitive**

Infinitive दो प्रकार का होता है—

(I) Simple Infinitive (II) Gerundial Infinitive

**I. Simple Infinitive**—Infinitive क्रिया से बनकर Noun का कार्य करता है। अतः Noun की भाँति यह पाँच प्रकार का कार्य करता है—

**1. *Subject to a Verb***

***Example :***

- झूठ बोलना बुरी बात है।
  **To tell** a lie is a bad habit.

यहाँ to tell a lie क्रिया is का कर्त्ता Subject है।

**2. *Object to a Verb***

***Example :***

- उसे सत्य बोलना पसन्द है।
  He likes **to speak** truth.

यहाँ 'to speak truth' क्रिया likes का Object है।

**3. *Object to a Preposition***

***Example :***

- वह घर जाने वाला है।
  He is about **to go** home.

यहाँ 'to go' Preposition about से governed है।

**4. *Complement to a Verb***

***Example :***

- कक्षा में प्रथम आना मेरी इच्छा है।
  My desire is **to stand** first in the class.

यहाँ 'to stand' is क्रिया का Complement है।

**5. *Case in Apposition***

***Example :***

- उसके लिये समय से धन वापस करना निश्चित है।
  It is sure for her **to return** the money in time.

> ***विशेष***—Infinitive में Verb के पूर्व To लगा दिया जाता है किन्तु bid, need, make, let, dare ऐसी क्रियायें हैं जिनके बाद Infinitive बिना to के प्रयोग किया जाता है।

***Examples :***

(i) तुम्हें वहाँ पढ़ने की आवश्यकता नहीं है।
You need not **read** there.

(ii) मैंने उसे दौड़ा दिया।
I made him **run**.

(iii) उसने मुझे सोने दिया।
He let me **sleep**.

(iv) मुझमें उससे बात करने का साहस नहीं था।
I dared not talk to him.

**II. Gerundial Infinitive**—Gerundial Infinitive दो प्रकार का कार्य करता है—

1. यदि Noun को qualify करता है तो Adjective की भाँति प्रयोग होता है।
2. यदि Verb या Adjective को modify करता है तो Adverb का कार्य करता है।

***Examples :***

(i) यह मकान किराये के लिये खाली है।
This house is to let. (*As an Adjective*)

(ii) यह समय पढ़ने का नहीं है।
This is not the time to play. (*As an Adjective*)

(iii) मैं यहाँ पर रुकने के लिये आया हूँ।
I have come here to stay. (*As as Adverb*)

# Exercise :: 22

***Translate the following sentences into English :***

(1) मैं **टहलना** पसन्द करता हूँ। (2) **धूम्रपान** बुरी आदत है। (3) वह आगरा **जाने वाला** था। (4) मैं हिन्दी जानना चाहता हूँ। (5) क्या अंग्रेजी बोलना आसान है। (6) **झूठ बोलना** अच्छी आदत नहीं है। (7) क्या तुम कठिन परिश्रम करना नहीं चाहते हो। (8) क्या वह दिल्ली पढ़ने के लिये जाना चाहता है। (9) अब राजधानी एक्सप्रेस आने वाली है। (10) वह अपने मित्र से मिलने आया। (11) वे अपने माता-पिता को देखने कानपुर गये। (12) **गलती करना** मनुष्य का काम है। (13) **शिकारी** शिकार करने जंगल गया। (14) बड़ों का **सम्मान करना** हमारा कर्त्तव्य है। (15) हम पढ़ने के लिये विद्यालय जाते हैं।

***Difficult Words :*** टहलना = to walk, धूम्रपान = to smoke, जाने वाला = about to go, झूठ बोलना = to tell a lie, गलती करना = to err, शिकारी = hunter, सम्मान करना = to respect.

## GERUND

Gerund क्रिया के Ist form में ing लगाने से बनता है। यह निम्नलिखित प्रकार से कार्य करता है—

***Examples :***

1. तैरना अच्छा व्यायाम है।
**Swimming** is a good exercise. (*Subject to the Verb*)
2. वह सुबह टहलना पसन्द करती है।
She likes **walking** in the morning. (*Object to the Verb*)
3. वह उपन्यास पढ़ने का शौकीन है।
He is fond of **reading** novels. (*Object to a Preposition*)
4. देखना ही विश्वास करना है।
Seeing is **believing**. (*Complement to a Verb*)

# Exercise :: 23

***Translate the following sentences into English :***

(1) मेरे पिताजी ने मुझे **गीत गाना** सिखाया। (2) तैरना एक कठिन कार्य है। (3) वह मैदान में टहलना पसन्द करता है। (4) डाक टिकट **इकट्ठा करना** हमारी **प्रवृत्ति** है। (5) वह क्रिकेट खेलने का **शौकीन** है। (6) वह पढ़ता रहा। (7) क्या आपने आगरा जाने का **प्रस्ताव** स्थगित कर दिया? (8) देखना ही विश्वास करना है। (9) रात में सोना लाभदायक है। (10) अखबार पढ़ना एक अच्छी आदत है। (11) हम **झूठ बोलना** पसन्द नहीं करते।

***Difficult Words :*** गीत गाना = singing a song, इकट्ठा करना = collecting, प्रवृत्ति = hobby, शौकीन = fond of, प्रस्ताव = proposal, झूठ बोलना = telling a lie.

# Some Modal Verbs

## USE OF 'CAN'

Can का प्रयोग निम्नलिखित प्रकार के कथनों के लिये किया जाता है—

1. **योग्यता (Ability), सामर्थ्य (Power) प्रकट करने के लिये**, जैसे—

***Examples :***

(i) वह अपना काम पूरा कर सकता है।
He **can** complete his work. (*Ability*)

(ii) प्रधानाचार्य तुम्हारी छुट्टी स्वीकृत कर सकता है।
The principal **can** grant you leave. (*Power*)

2. **आज्ञा व अनुमति प्रदान करने के लिये—**

***Examples :***

(i) तुम बाहर जा सकते हो।
You can go out. (*Permission*)

(ii) तुम एक घण्टे सो सकते हो।
You can sleep for an hour.

3. **निषेध (Prohibition) can not का प्रयोग देखिए—**

***Example :***

- तुम मेरी किताब नहीं पढ़ सकते।
You can not read my book. (*Prohibition*)

4. **संभावना प्रकट करने के लिये—**

***Example :***

- अगर वह चाहती है तुम्हे किताब दे सकती है।
She **can** lend you a book if she likes.

## USE OF 'COULD'

Could का प्रयोग Past Tense में किया जाता है। यह can का IInd form है।

***Examples :***

(i) वह दो भाषाएँ बोल सकता था।
He could speak two languages. (*Ability*)

(ii) मेरा भाई गत मास कोई भी रुपया नहीं भेज सका।
My brother could not send any money last month. (*Power*)

(iii) क्या आप कृपया दरवाजा बन्द कर सकते हैं?
Could you please shut the door? (*Request*)

(iv) क्या आप मुझे कल मिल सकते हैं?
Could you see me tomorrow? (*Request*)

(v) क्या मैं आप की किताब पढ़ सकता हूँ?
Could I read your book? (*Request*)

## USE OF 'MAY'

1. **For permission स्वीकृति हेतु—**

***Example :***

- क्या मैं अन्दर आ सकता हूँ?
May I come in?

**2. Possibility (सम्भावना) के लिये—**

***Examples :***

(i) वह आज आ सकता है।
He may come today.

(ii) आज वर्षा हो सकती है।
It may rain today.

**3. Wish (इच्छा) के लिये—**

***Examples :***

(i) भगवान तुम्हारी रक्षा करे। May God protect you!

(ii) ईश्वर तुम्हारा भला करे। May God bless you!

**4. शर्त वाले वाक्यों में so that के साथ—**

***Example :***

- वह कठिन परिश्रम करता है, ताकि पास हो जाये।
He works hard so that he may pass.

## USE OF 'MIGHT'

Might, May का Past Tense है। इसका प्रयोग देखिए—

**1. Possibility (सम्भावना)**

***Example :***

- उसने कहा कि वह कभी भी आ सकता है।
He said that he might come any time.

**2. Possibility (अनुमति)**

***Example :***

- मैं उससे पूछा कि क्या मैं उसकी सहायता की आशा कर सकता हूँ।
I asked him if I might hope for his help.

**3. Purpose (उद्देश्य)**

***Example :***

- उसने कठिन परिश्रम किया ताकि पास हो जाये।
He worked hard so that he might pass.

## USE OF 'WILL'

**1. Future के लिये—**

***Example :***

- वह कल आगरा जायेगा।
He will go to Agra tomorrow.

**2. Determination के लिये—**

***Example :***

- मैं भ्रष्टाचार के विरुद्ध लडूँगा।
I will fight against corruption.

**3. Promise के लिये—**

***Example :***

- वह जितनी सहायता कर सकती है, करेगी।
She will help you as much as she can.

## USE OF 'WOULD'

1. **Will के Past Tense के रूप में—**
   ***Example :***
   - मैंने तुमसे कहा कि वह तुम्हें एक किताब देगा।
     I told you that he would give you a book.
2. **Polite request के लिये—**
   ***Example :***
   - क्या कृपया यह किताब बढ़ा देंगे?
     Would you please pass this book on?
3. **Frequent activities के लिये—**
   ***Example :***
   - बच्चे बगीचे में रविवार को खेलते हैं।
     The children would play in the garden on Sunday.

## USE OF 'SHOULD'

1. **Advice or Suggestion**
   ***Examples :***
   (i) तुम्हें अपने माता-पिता की आज्ञा मानना चाहिए।
   You should obey your parents.
   (ii) मोहन को इतनी देर से विद्यालय नहीं जाना चाहिये।
   Mohan should not go to school so late.
2. **For condition**
   ***Example :***
   - यदि आज वर्षा हुई तो मैच नहीं होगा।
     Should it rain today, there will be no match.
4. **उद्देश्य (Purpose) के लिये—**
   ***Example :***
   - परिश्रम करो कहीं ऐसा न हो कि फेल हो जाओ।
     Work hard lest you should fail.
5. **Indirect Speech में**
   ***Example :***
   - मैंने उससे कहा कि मैं अगले सप्ताह आगरा जाऊँगा।
     I told him that I should go to Agra next week.

## USE OF 'MUST'

1. **आवश्यकता या अनिवार्यता के लिये—**
   ***Example :***
   - तुम्हें अवश्य ही उसकी सहायता करनी चाहिए।
     You must help him.
2. **Assumption (कल्पना) प्रकट करने के लिये—**
   ***Example :***
   - वह अवश्य ही अब दिल्ली में होगा।
     He must be in Delhi now.

**3. 'Must not'**

***Example :***

- तुम्हें इस प्रकार का कार्य नहीं करना चाहिए।
  You must not do like this.

## USE OF 'OUGHT'

Ought का अर्थ चाहिए से होता है। इसके बाद to का प्रयोग किया जाता है।

***Examples :***

(i) तुम्हें अपने बड़ों का सम्मान करना चाहिए।
You ought to respect your elders.

(ii) हमें अपनी प्रतिज्ञा पूर्ण करनी चाहिए।
We ought to complete our promise.

(iii) तुम्हे समय से वहाँ पहुँच जाना चाहिए था।
You ought to have reached there in time.

## Exercise :: 24

***Translate the following sentences into English :***

(1) वह **कभी भी** आ सकता है। (2) मैं कठिन परिश्रम करता हूँ **ताकि** परीक्षा में उत्तीर्ण हो सकूँ। (3) उसने कहा वह घर नहीं जायेगा। (4) हमें यह कार्य करना चाहिए। (5) हमें अपने माता-पिता की आज्ञा मानना चाहिए। (6) क्या तुम यहाँ **कभी नहीं** आओगे? (7) अपने साथ छाता ले लो, **वर्षा हो सकती है**। (8) क्या मैं आपकी सहायता कर सकता हूँ? (9) हमें सच बोलना चाहिए। (10) तुम्हें घर में रहना चाहिए। (11) उसे अपना काम समय पर कर लेना चाहिए। (12) वह बीमार है, उसे तुरन्त डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। (13) तुम्हें अपने सभी की सहायता करनी चाहिए। (14) वह वहाँ **अवश्य** गया होगा। (15) उसने कहा कि वह कल आयेगा।

***Difficult Words :*** कभी भी = any time, ताकि = so that, कभी नही = never, वर्षा हो सकती है = it may rain, अवश्य = must.

# *Conditional Sentences*

***निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—***

1. अगर वह आयेगा तो मैं उसकी सहायता करुँगा।
   If he comes, I shall help him.
2. अगर तुम कठिन परिश्रम करोगे, तो परीक्षा में पास हो जाओगे।
   If you work hard, you will pass in the examination.
3. अगर मैं तुम्हारे घर जाऊँगा तो तुम्हारे पिताजी से मिलूँगा।
   If I go to your house, I shall meet your father.
4. यदि मैं वहाँ गया होता तो उससे मिला होता।
   If I had gone there, I would have met him.
5. यदि मैं प्रधानाचार्य होता तो तुम्हारी मदद करता।
   If I were the principal, I would help you.

6. यदि तुम गरीब हो तो तुम्हें अधिक मेहनत करना चाहिए।
   If you are poor, you should work more.
7. यदि तुमने खाना नहीं खाया है तो अब खा लो।
   If you have not eaten food, eat it now.
8. यदि मेरे पिता जी के पास पैसा हो तो इस मकान को खरीद लें।
   If my father had money, he should purchase this house.
9. यदि वह मुझे मिल जाता तो मैं उसे बचा लेता।
   If he had met me, I would have saved him.
10. काशः मैं घर पर होता।
   Would that I were at home!
11. मेरी इच्छा है कि मैं प्रधानमंत्री बन जाऊँ।
   I wish, I could become the Prime Minister.

***पहचान—***

**1.** यदि या अगर से प्रारम्भ होने वाले वाक्यों को सामान्यता Conditional Sentences कहा जाता है। ऐसे वाक्यों के मध्य में तो या तब का प्रयोग होता है।

***नियम—***

- यदि Conditional Sentence के दोनों भाग Future Tense में हों तो अनुवाद करते समय अगर से प्रारम्भ होने वाला वाक्यांश Simple Present Tense में तथा दूसरा वाक्यांश Future Indefinite Tense में होता है। उदाहरण संख्या 1, 2, 3 देखिए।
- If के बाद आगे तो या तब की अंग्रेजी न लिखकर Comma लगाया जाता है।
- यदि प्रथम वाक्यांश Past Perfect Tense में होता है तो दूसरे में would have के साथ क्रिया का IIIrd form लगाया जाता है। उदाहरण संख्या 4 देखिए।
- यदि काल्पनिक शर्त की बात है तो Singular Subject के साथ भी Plural Verb का प्रयोग किया जाता है। उदाहरण संख्या 5 देखिए।
- उदाहरण संख्या 6 देखिए। ऐसे वाक्यों में should का प्रयोग किया जाता है।
- यदि पहला वाक्य Present Perfect Tense में है तो दूसरा Imperative Sentence बनता है। उदाहरण संख्या 7 देखिए।

# Exercise :: 25

***Translate in the following sentences into English :***

(1) मेरी **इच्छा** है कि मैं उत्तर प्रदेश का **मुख्यमंत्री** बन जाऊँ। (2) यदि तुमने मुझे 100 रुपये दिये होते तो मैं एक **घड़ी** खरीद लेता। (3) यदि तुम मेरी सहायता करोगे तो मैं परीक्षा में पास हो जाऊँगा। (4) यदि वह वहाँ जायेगा तो उसकी सहायता की जायेगी। (5) यदि **पानी बरसेगा** तो **बर्तन** भर जायेंगे। (6) यदि तुमने कठिन परिश्रम किया होता तो उत्तीर्ण हो गये होते। (7) क्या ही अच्छा होता कि मैं अपने बड़े भाई के साथ होता। (8) यदि तुम चाहोगे तो मैं तुम्हारे साथ चलूँगा। (9) यदि तुम बीमार हो तो **आराम करो**। (10) यदि तुम **सच बोलोगे** तो तुम्हें **पुरस्कार** मिलेगा।

***Difficult Words :*** इच्छा = wish, मुख्यमंत्री = Chief Minister, घड़ी = watch, पानी बरसना = rain, बर्तन = pot, आराम करो = take rest, सच बोलना = speak truth, पुरस्कार = reward.

# ***Sequence of Tenses***

Complex Sentence में कम से कम दो वाक्यांश होते हैं—

**I.** Principal Clause प्रधान वाक्यांश

**II.** Subordinate Clause सहायक वाक्यांश (अधीन उपवाक्य)

इनको बनाने की विधियों का उल्लेख नीचे किया जा रहा है—

*नियम—*

**1. यदि Principal Clause की क्रिया वर्तमान काल (Present Tense) या भविष्य काल (Future Tense) में हो तो Subordinate Clause की क्रिया किसी भी Tense में हो सकती है।**

***Examples :***

(i) सीता कहती है कि वह पत्र लिख रही है।
Sita says that **she is writing a letter.** (*Present Tense*)

(ii) सीता कहती है कि वह पत्र लिख रही थी।
Sita says that **she was writing a letter**. (*Past Tense*)

(iii) सीता कहती है कि वह एक पत्र लिख रही होगी।
Sita says that she **will be writing a letter.** (*Future Tense*)

(iv) रवि कहेगा कि उसकी बहन पढ़ती है।
Ravi will say **that his sister reads.**(*Present Tense*)

(v) रवि कहेगा कि उसकी बहन पढ़ रही थी।
Ravi will say **that his sister was reading.** (*Past Tense*)

(vi) रवि कहेगा कि उसकी बहन पढ़ेगी।
Ravi will say **that his sister will read.** (*Future Tense*)

**2. यदि Principal Clause की क्रिया Past Tense में हो तो Subordinate Clause की क्रिया भी Past Tense में होगी।**

***Examples :***

(i) उसने कहा कि कुत्ता सड़क पर दौड़ रहा है।
He said **that the dog was running on the road**.

(ii) मोहन ने कहा कि वह ईमानदार है।
Mohan said that he was honest.

**3. यदि Principal Clause की क्रिया Past Tense में हो और Subordinate Clause किसी universal truth, habitual action या historical fact प्रदर्शित करे तो Subordinate Clause का Tense नहीं बदलता।**

***Examples :***

(i) उसने कहा कि पृथ्वी सूर्य का चक्कर लगाती है।
He said that the earth **moves** round the sun. (*Universal truth*)

(ii) उसने कहा कुत्ते अजनबियों पर भौंकते हैं।
He said that the dogs **bark** at strangers. (*Habitual action*)

**4. यदि than किसी Subordinate Clause के प्रारम्भ में प्रयोग होकर Comparision को indicate करे तो Subordinte Clause में Verb का कोई भी Tense हो सकता है।**

***Examples :***

(i) मैं अब उसे जितना प्यार करता हूँ उससे अधिक तुम्हें करता हूँ।
I love you more **than** I love him now.

(ii) मेरी बहन मुझे मेरे भाई की अपेक्षा अधिक प्यार करती है।
My sister loves me more **than** she loves my brother.

**5. जब Subordinate Clause, Adverb Clause of Purpose हो तो इसका Tense Principal Clause के Tense के अनुसार होगा।**

***Examples :***

(i) तुमने कठिन परिश्रम किया ताकि तुम प्रथम आ सको।
You worked hard so that you might stand first.

(ii) वह अधिक परिश्रम करता है ताकि वह पास हो सके।
He works hard so that he may pass.

# Exercise :: 26

***Translate the following sentences into English :***

(1) वह जानता है कि मैं एक अच्छा विद्यार्थी हूँ। (2) उसने बताया कि सूर्य पूरब में निकलता है। (3) वह सोचता है कि उसका मित्र वहाँ नहीं था। (4) रीता ने कहा कि **ईमानदारी** एक अच्छा लक्षण है। (5) जितना बड़ा घर अब मेरे पास है उससे बड़ा तो पहले वर्ष था। (6) वह **कठोर परिश्रम** करता है **ताकि** वह पास हो जाये। (7) स्टेशन मास्टर ने बताया कि गाड़ी दो घण्टा लेट है। (8) उसने मुझसे कहा कि दशहरे की छुट्टियों में वह आगरा जायेगी। (9) क्या तुम बता सकते हो कि गाड़ी कब आयेगी? (10) पिताजी ने कहा कि मेरे पुत्र की आयु दस वर्ष है। (11) क्या तुम जानते हो कि कहानी सच्ची थी? (12) भोजन हम इसलिये करते हैं कि जीवित रहें। (13) सब जान गये हैं कि वह मर गया। (14) उन्होंने देख लिया कि चोर भाग रहे हैं। (15) मुझे यह **आशा** नहीं थी कि आप **कठिनाइयों** में मेरा साथ छोड़ देंगे।

***Difficult Words :*** ईमानदारी = honesty, कठोर परिश्रम = hard work, ताकि = so that, आशा = hope, कठिनाइयाँ = difficulties.

# *Complex Sentences*

Complex Sentences वह वाक्य होता है जिसमें एक Principal Clause होता है तथा शेष Subordinate Clause.
Subordinate Clause तीन प्रकार के होते हैं—

**I.** Noun Clause
**II.** Adjective Clause
**III.** Adverb Clause

## I. NOUN CLAUSE

**A Noun Clause is a group of words which contains a Subject and a Predicate of its own and does the work of a Noun.**

***निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—***

1. यह निश्चित है कि वह पास नहीं होगा।
That he will not pass is certain.
2. यह गलत है कि वह झूठ बोलेगा।
That he would tell a lie is wrong.

(*Subject to the Verb*)

3. उसने कहा कि उसका मित्र घर जा चुका है।
He said that his friend had gone to house.
4. मैं नहीं जानता कि वह क्या करता है।
I do not know what he does.

(*Object to the Verb*)

5. जो कुछ मैं कहता हूँ उसे सुनिए।
Listen to what I say. *(Object to a Preposition)*
6. जो कुछ मैं कहता हूँ उस पर ध्यान दीजिए।
Pay attention to what I say.
7. सच यह है कि वह ईमानदार है।
The truth is that he is honest. *(Complement to a Verb)*
8. मेरी इच्छा है कि वह उत्तीर्ण हो जाये।
My desire is that he may pass.
9. यह समाचार कि वह मर गया सही है।
The news that he died, is correct. *(Case in Apposition)*
10. तुम्हारा यह कथन कि वह चोर है, सही नही है।
Your statement that he is a thief, is not correct.

***विशेष***—जिस प्रकार Noun के पाँच कार्य हैं उसी प्रकार Noun Clause भी पाँच प्रकार से कार्य करता है—
(i) Subject to a Verb
(ii) Object to a Verb
(iii) Object to a Preposition
(iv) Complement to a Verb
(v) Case in Apposition

# Exercise :: 27

***Translate the following sentences into English :***

(1) मुझे बतलाओ कि वह क्या करता है। (2) मैं जानता हूँ कि वह यह ईमानदार लड़का है। (3) जो कुछ तुम कहते हो, **झूठ** है। (4) वह नहीं जानता कि आगे क्या होगा। (5) **प्रत्येक** छात्र जानता है कि मैं एक गरीब लड़का हूँ। (6) मुझे पूर्ण **विश्वास** है कि वह आयेगा। (7) यह कहना कि वह चोर है, सही नहीं है। (8) मुझे डर है कि वह अनुत्तीर्ण न हो जाये। (9) उसने कहा कि वह आगरा में रहता है। (10) यह **निश्चित** है कि वह नहीं आयेगा।

***Difficult Words* :** झूठ = wrong, प्रत्येक = every, विश्वास = believe, निश्चित = certain

## II. ADJECTIVE CLAUSE

**An Adjective Clause is a group of words which contains a Subject and a Predicate of its own and does the work of an Adjective.**

Adjective Clause भी Adjective की ही भाँति विशेषता बताने का कार्य करता है।

### *निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—*

1. मैं उस व्यक्ति को जानता हूँ जो इस गाँव में रहता है।
I know the **man** who lives in this village.
2. यह वही स्थान है जहाँ मैं पैदा हुआ था।
This is the **place** where I was born.
3. यही समय है जब तुम्हें यहाँ से चला जाना चाहिए।
This is the **time** when you should go from here.
4. मैंने एक घड़ी खरीदी जो सही समय देती है।
I bought a watch which gives correct time.

5. कुत्ता जो भौंकता है, काटता नहीं।
The dog that barks does not bite.

*नियम—*
- Adjective Clause किसी Relative Pronoun (who, whose, whom, which, that) तथा Relative Adverb (why, when, where, how आदि) से प्रारम्भ होते हैं। उदाहरण 1 से 5 तक देखिए।
- Adjective Clause वाक्य में विशेषण का कार्य करते हैं।

# Exercise :: 28

***Translate the following sentences into English :***

(1) यह वही स्थान है जहाँ गाँधी जी **पैदा हुए** थे। (2) यह वही लड़का है जिसने मेरी कलम **चुरायी** थी। (3) मैंने एक कार खरीदी जो बहुत महँगी थी। (4) यह वही किताब है जिसे मेरे पिता ने खरीदा था। (5) वह व्यक्ति जो परिश्रम करता है, सफल हो जाता है। (6) **कोई भी वस्तु** जो तुम चाहते हो खरीदो। (7) **यही समय है** जब तुम्हें पढ़ना चाहिए। (8) जो **चढ़ेगा** सो **गिरेगा**। (9) यही वह गाँव है जहाँ मैं पैदा हुआ था। (10) यही वही विद्यालय है जहाँ मैंने **शिक्षा प्राप्त** की थी।

***Difficult Words :*** पैदा हुए = was born, चुराना = steal, महँगी = costly, कोई भी वस्तु = anything, यही समय है = this is the time, चढ़ना = ride, गिरना = fall, शिक्षा प्राप्त = was educated.

## III. ADVERB CLAUSE

**An Adverb Clause is a group of words which contains a Subject and a Predicate of its own and does the work of an Adverb.**

Adverb Clause भी क्रिया-विशेषण का कार्य करता है।

***निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—***

1. जब वह यहाँ आया मैं नहीं था।
When he came here, I was not present. (*Time*)
2. डॉक्टर के आने के पहले रोगी मर गया।
The patient had died before the doctor came. (*Time*)
3. डॉक्टर के आने के बाद रोगी मर गया।
The patient died after the doctor had come. (*Time*)
4. मैं जहाँ कहीं गया, वह मेरे साथ रहा।
He followed me wherever I went. (*Place*)
5. यद्यपि वह बीमार है फिर भी कठिन परिश्रम करता है।
Although he is ill yet he works hard. (*Contrast*)
6. अगर तुम मेहनत करोगे, तो सफल हो जाओगे।
If you work hard you will be successful. (*Condition*)
7. वह कठिन परिश्रम करती है ताकि पास हो जाये।
She works hard so that she may pass. (*Purpose*)
8. अगर वह मेरे पास आया होता तो मैं उसकी सहायता करता।
If he had come to me I would have helped him. (*Condition*)
9. संभलकर चलो कहीं ऐसा न हो कि गिर जाओ।
Walk carefully lest you should fall down. (*Purpose*)
10. वह इतनी कमजोर है कि चल भी नहीं सकती।
She is so weak that she can not even walk. (*Result*)

11. वह मुझसे अधिक ताकतवर है।
She is stronger than I. (*Comparison*)
12. वह विद्यालय नहीं गई क्योंकि बीमार थी।
She did not go to school because she was ill. (*Cause*)
13. जैसा तुम बोओगे वैसा तुम काटोगे।
As you sow, so shall you reap. (*Manner*)
14. मुम्बई भारत का सबसे बड़ा नगर है।
Mumbai is the biggest city in India. (*Comparison*)
15. जब तक तुम कठिन परिश्रम नहीं करोगे, तुम पास नहीं हो सकते।
You can not pass unless you work hard. (*Condition*)

☞ ***विशेष***—

- When के बाद then का प्रयोग न करके comma लगाया जाता है, उदाहरण संख्या 1 देखिए।
- Although के बाद yet का प्रयोग किया जा सकता है। उदाहरण संख्या 5 देखिए।
- Unless या Until के बाद Negative प्रयोग नहीं होता। उदाहरण संख्या 5 देखिए।
- Lest के बाद should का प्रयोग किया जाता है। उदाहरण संख्या 9 देखिए।
- Than के बाद Nominative Case का प्रयोग होता है। उदाहरण संख्या 11 देखिए।

## Exercise :: 29

***Translate the following sentences into English :***

(1) **यद्यपि** वह अमीर है फिर भी **कंजूस** है। (2) जैसे ही वर्षा बन्द हुई बच्चे खेलने चले गये। (3) यद्यपि उसने कठिन परिश्रम नहीं किया फिर भी पास हो गया। (4) वह **इतना कमजोर** है कि चल नहीं सकता। (5) सावधानी से चलो ऐसा न हो कि गिर जाओ। (6) राम हरी से बड़ा है। (7) वह विद्यालय नहीं गया क्योंकि बीमार है। (8) अगर तुम कठिन परिश्रम करते तो अवश्य पास हो जाते। (9) जब हम स्टेशन पर पहुँचे तो गाड़ी चल दी। (10) अध्यापक **ज्योंही** कमरे में पहुँचे, छात्र खड़े हो गये।

***Difficult Words* :** यद्यपि = although, कंजूस = miser, इतना कमजोर = so weak, ज्योंही = as soon as.

## Compound Sentences

Compound Sentence में एक Principal Clause तथा कम से कम एक Coordinate Clause होता है। Coordinate Clause Coordinate Conjunctions द्वारा जोड़े जाते हैं। यह Conjunction चार प्रकार के होते हैं—

1. **Cumulative Conjunctions (जोड़े बताने वाले)**—And, as well as, both.....and, not only.... but also.

***Examples :***

(i) वह आगरा गया और ताजमहल देखा।
He went to Agra **and** saw the Taj.
(ii) महेश दोषी था और तुम्हारा मित्र भी।
Mahesh **as well as** your friend was guilty.
(iii) लड़के और लड़कियाँ दोनों कल विद्यालय नहीं गये।
Both the boys **and** girls did not go to school yesterday.
(iv) उसके पिता एक अध्यापक ही नहीं डॉक्टर भी हैं।
His father is **not only** a teacher **but also** a doctor.

2. **Alternative Conjunctions (विकल्प प्रस्तुत करने वाले)**—Otherwise, either...or, neither.... nor, or

***Examples :***

(i) जल्दी करो अन्यथा तुम्हारी गाड़ी छूट जायेगी।
Make haste **otherwise** you will miss the train.

(ii) यहाँ आओ या वहाँ जाओ।
Come here **or** go there.

(iii) या तो उसने परीक्षा नहीं दी या वह फेल हो गया।
**Either** he did not appear in the examination or he failed.

(iv) न तो स्वयं पढ़ता है न ही दूसरो को पढ़ने देता है।
**Neither** he reads **not** let he others read.

3. **Adversative Conjunctions (विरोध बातने वाले)**—But, yet, still

***Examples :***

(i) वह गरीब है फिर भी प्रसन्न है।
He is poor **still** he is happy.

(ii) उसने कठिन परिश्रम किया किन्तु सफल न हो सकी।
She worked hard **but** could not succeed.

(iii) वह बीमार है इतने पर भी विद्यालय गई।
She is ill **yet** she went to school.

4. **Illative Conjunctions (परिणाम बताने वाले)**—So, therefore

***Examples :***

(i) वह विद्यालय देर से आया इसलिये उसे दण्डित किया गया।
He came to school late therefore he was punished.

(i) वह बहुत ही ईमानदार है अतः उसे सभी लोग चाहते हैं।
He is very honest so everyone likes him.

# Exercise :: 30

***Translate the following sentences into English :***

(1) **सावधानीपूर्वक** कार्य करो अन्यथा माताजी क्रोधित होंगी। (2) वह परिश्रमी ही नहीं **बुद्धिमान** भी है। (3) जल्दी सो जाओ अन्यथा पिता जी डाटेंगे। (4) या तो तुमने या तुम्हारे भाई ने मेरी पतंग चुरा ली है। (5) न तो **स्वयं** कार्य करती है न तो करने देती है। (6) मैंने आम ही नहीं सेब भी खाये। (7) वह दयालु भी है और बुद्धिमान भी। (8) वह मेरे घर आया और मुझे अपनी किताब दी। (9) उसने परिश्रम किया फिर भी अनुत्तीर्ण हो गया। (10) जल्दी कपड़े पहन लो नहीं तो देर हो जायेगी।

***Difficult Words :*** सावधानीपूर्वक = carefully, बुद्धिमान = intelligent, स्वयं = herself.

# *Translation from Hindi to English*

## Solved Passages

## Exercise :: 31

***Translate the following passage into English :***

एक बार एक धनी व्यक्ति के पास एक नौकर था; जो बहुत ही ईमानदार था। वह सदैव अपने कार्यों को प्रसन्नतापूर्वक किया करता था। वह कर्त्तव्यपरायण था। एक मास व्यतीत हो गया, उसके मालिक ने उसे कुछ भी नहीं दिया, नौकर ने भी कुछ नहीं कहा। वह सदैव अपना कार्य ईमानदारी से करता रहा। इस प्रकार पाँच मास व्यतीत हो गये। एक दिन उसने अपने मालिक से कहा, ''श्रीमानजी, मैं पाँच मास से आपकी लगातार सेवा करता रहा हूँ। आपने इसके बदले मुझे कुछ भी नहीं दिया है। कृपया मेरा वेतन मुझे दीजिए।'' उसके मालिक ने उसे कुल पाँच सौ रुपये दिये। वह उन रुपयों को लेकर अपने गाँव चला गया।

***English Translation :*** Once a rich man had a servant, who was very honest. He always used to do his work cheerfully. He was a man of duty. A month passed but his master gave him nothing. The servant also said nothing. He always did his work honestly. In this way, five months passed. One day, he said to his master, "Sir, I have been serving you continuously for five months. You have given me nothing for it. Kindly, give me my pay." His master gave him five hundred rupees in all. Taking those rupees, he went to his village.

## Exercise :: 32

***Translate the following passage into English :***

एक लोमड़ी थी। वह बहुत चालाक थी। एक दिन वह भोजन की तलाश में इधर-उधर घूम रही थी। कुछ समय बाद उसने पेड़ पर एक कौआ देखा। कौआ के चोंच में एक रोटी का टुकड़ा था। लोमड़ी ने उस रोटी के टुकड़े को लेने का निश्चय किया। उसने एक योजना बनाई। वह पेड़ के नीचे बैठ गई। उसने कौवे से बहुत से प्रश्न किये, किन्तु कौवे ने अपनी चोंच नहीं खोली। अन्त में लोमड़ी ने कहा, ''तुम कितने सुन्दर पक्षी हो। तुम्हारी आवाज कितनी मीठी है। कृपया मेरे लिये एक गाना सुना दों।'' इतना सुनते ही कौवे ने गाने के लिये चोंच खोली। ज्योंही उसने अपनी चोंच खोली, रोटी का टुकड़ा गिर गया। लोमड़ी उसे लेकर भाग गई।

***English Translation :*** There was a fox. It was very clever. One day she was moving here and there in search of food. After sometime, it saw a crow in a tree. The crow had a piece of bread in its beak. The fox decided to take that piece of bread. It thought out a plan. It sat under the tree. It asked the crow so many questions but the crow did not open its beak. At last, the fox said, "What a lovely bird you are! How sweet your voice is! Please sing me a song." Hearing this, the crow opened its beak to sing. As soon as it opened its beak, the piece of bread fell down. The fox ran away with it.

## Exercise :: 33

***Translate the following passage into English :***

एक जंगल में दो बैल थे। वे घनिष्ठ मित्र थे। वे सदा साथ रहते थे और एक दूसरे की सहायता करने के लिये तैयार रहते थे। शेर भी इन पर आक्रमण करने से डरता था। एक बार उसने सोचा यदि मैं इन दोनों को अलग कर दूँ तो मैं उनमें से एक को मार सकता हूँ। अतः एक दिन वह एक बैल के पास गया और बोला, ''देखो तुम्हारा मित्र स्वार्थी है। वह हरी घास स्वयं खाता है और सूखी घास तुम्हें छोड़ देता है। बैल ने शेर की बात मान ली और अलग चरने लगा। शेर ने दूसरे बैल के कान में भी वही बात कही। परिणाम यह

हुआ कि दूसरा बैल भी अलग चरने लगा। शेर को मौका मिला। उसने एक पर आक्रमण किया और उसे खा लिया। शीघ्र ही उसने दूसरे को खा लिया।

***English Translation :*** There were two bullocks in a forest. They were fast friends. They always kept company and were always ready to help each other. Even the lion did not dare attack them. Once, he thought if he could separate them, he might kill one of them. So he went to one of the bullocks and said," Look! your friend is very selfish. He himself eats green grass, and leaves you dry one." The bullock believed the lion and began to graze alone. The lion whispered the same words to the second bullock. The result was that the second bullock also started grazing alone. The lion got the chance. He attacked one and devoured it. Soon, he devoured the second one.

## Exercise :: 34

***Translate the following passage into English :***

एक आदमी की दो लड़कियाँ थी। उसने पहली पुत्री का एक माली से तथा दूसरी का एक कुम्हार से ब्याह कर दिया। कुछ दिनों के बाद वह माली के घर गया। उसने अपनी पुत्री से पूछा, "तुम कैसी हो?" पुत्री ने कहा, "बहुत अच्छी हूँ, मेरी केवल एक इच्छा है कि हमारे पेड़ों को सींचने के लिये खूब वर्षा हो" फिर वह कुम्हार के घर गया। उसने अपने दूसरी पुत्री से भी वह प्रश्न किया। उसने उत्तर दिया, "मेरे यहाँ सब कुछ है। केवल यही इच्छा करती हूँ कि आकाश साफ रहे जिससे हमारे बर्तन पक जायें।" उस आदमी ने कहा तुम चाहती हो आकाश साफ रहे और तुम्हारी बहन वर्षा तो बताओं मै किसके लिये प्रार्थना करूँ।

***English Translation :*** A man had two daughters. He got his first daughter married to a gardener the second to a potter. After some time, he went to gardener's house. He asked his daughter, "How are you?" She said, "Quite well, but my only wish is that there should be heavy rain for watering our trees." Then he went to the potter's house. He put the same question to his other daughter. She replied, "I have everything. I only wish that the sky should remain clear so that our pots may be baked." That man said, "You want clear sky and your sister rain." Then tell me, what should I pray for."

## Exercise :: 35

***Translate the following passage into English :***

कैकेयी को दिये गये अपने पिता के वचनों के परिपालन में राम चौदह वर्षों के लिए निष्कासित होने के लिये तैयार हुए। तब सीता ने कहा कि मैं भी आपके साथ जाऊँगी और लक्ष्मण भी उनके साथ जाने को तैयार हो गये। आखिर राम को उनकी इच्छाओं के सामने झुकना पड़ा। राम, सीता और लक्ष्मण ने अपने राजसी वस्त्र उतार दिये और साधारण, गेरुआ वस्त्र पहन कर जंगल को चल दिये। उनके जाने पर राजा दशरथ का दिल टूट गया और अयोध्या के लोग रोने और चिल्लाने लगे।

***English Translation***—In obedience to his father's words given to Kaikeyi, Ram prepared to go into exile for fourteen years. Then Sita said that she would also go with him, and Lakshman, too got ready to go with them. At last, Ram had to yield to their wishes. Ram, Sita and Lakshman put off their royal robes and wearing simple saffron-coloured clothes, set out for the forest. At their departure, king Dashrath was heart-broken and the people of Ayodhya began to weep and cry.

## Exaercise :: 36

***Translate the following passages into English :***

**(i)** महाराजा रणजीत सिंह के यहाँ खुशहाल सिंह नामक नौकर था। वह महाराज का अंगरक्षक था। वह जाति का ब्राह्मण था। उसने सबसे पहले लहौर में पाँच रुपये मासिक पर नौकरी की। धीर-धीरे उसने उन्नति की और महाराज के महल में अंगरक्षक के रूप

में काम करने लगा। एक दिन महाराज नगर की हालत देखने के लिए महल से बाहर आए। रात बहुत बीत जाने पर वे वापस लौटे। उस समय खुशहाल सिंह पहरे पर था। वह अपने मालिक को न पहचान सका अतः उसने उन्हें महल में नहीं जाने दिया। दूसरे दिन जब उसने महाराज को पहचाना तो बहुत घबराया किन्तु महाराज ने उसे इनाम में एक बड़ी जागीर दी।

***Difficult Words :*** नौकर = servant, अंगरक्षक = bodyguard, नौकरी = service, वापस लौटे = returned, मालिक = owner, पहचाना = recognised, इनाम = prize.

**(ii)** बच्चों को यह बोलते हुए अक्सर सुना जाता है कि, काश हम जल्दी बड़े हो जाते और बड़े-बूढ़ों से यह सुना जाता है कि काश हम फिर से जवान हो सकते। हर आयु के अपने सुख-दुःख होते हैं और सबसे संतुष्ट व्यक्ति वही है जो व्यर्थ के पश्चाताप में समय न गँवाकर हर अवस्था की देन के मजे लेता है।

बचपन एक ऐसी अवस्था है जब जिम्मेदारियाँ कम होती हैं, जब जीवन में चीजें नित नये रूप में सामने आती हैं और जब किसी को वर्षा या बर्फ में खेलने जैसे साधारण कामों से आनंद मिलता है। लेकिन बच्चा अपनी इच्छानुसार कुछ भी करने के लिए स्वतंत्र नहीं होता और वह अपने को लगातार यही सुनते हुए पाता है कि "यह काम मत करो, वह काम मत करो"।

***Difficult Words :*** अक्सर = often, जवान = young, संतुष्ट = satisfied, बचपन = childhood, जिम्मेदारियाँ = responsibilities, चीजें = things, आनंद = enjoy, लगातार = continue, काम = work.

**(iii)** दक्षिण अफ्रीका में मेरे सिद्धान्त की अनेक बार परीक्षा हुई। प्रायः मुझे पता रहता था कि मेरे विपक्षियों ने अपने गवाहों को लिखा-पढ़ा कर तैयार किया है और यदि मैं अपने पक्षकार अथवा उसके गवाहों को झूठ बोलने के लिए प्रोत्साहित कर देता तो हम मुकदमा जीत सकते थे। परन्तु, मैं सदैव इस प्रलोभन पर रोक लगाता रहा। मुझे केवल एक ही अवसर याद है जब मुकदमा जीत लेने के बाद मुझे सन्देह हुआ था कि मेरे पक्षकार ने मुझे धोखा दिया है। अन्तःकरण से सदा मेरी यही कामना रहती थी कि मैं तभी जीतूँ जब मेरे पक्षकार का मुकदमा सही हो। मुझे याद नहीं आता कि फीस निश्चित करते समय मैंने कभी इसे जीत की शर्त के साथ जोड़ा हो। मेरा पक्षकार जीते या हारे, मैं अपनी फीस से अधिक या कम की आशा नहीं करता था।

***Difficult Words :*** सिद्धान्त = principle, अनेक बार = several times, परीक्षा = examinaiton, प्रोत्साहित = encourage, सदैव = always, मुकदमा = case, सन्देह = doubt, आशा = hope.

**(iv)** भारत के पवित्र धार्मिक साहित्य में आध्यात्मिक उन्नति के लिए भारत के ऋषियों, महर्षियों तथा विद्वानों ने जो नियम निर्धारित किए हैं वे संसार के इतिहास में अद्वितीय हैं। भारत का साहित्य हरिश्चन्द्र, युधिष्ठिर तथा दशरथ जैसे महापुरुषों के चरित्रों से भरा पड़ा है जिन्होंने सत्य की वेदी पर अपने जीवन की बलि दे दी थी। उन्होंने स्वार्थ की भावना का पूर्ण रूप से परित्याग कर वास्तविक सभ्यता के द्योतक 'वसुधैव कुटुम्बकम' के उच्च सिद्धान्त को अपना लिया था। यह वह समय था जब भारतवर्ष समस्त संसार को न केवल अपनी धार्मिक तथा आध्यात्मिक शिक्षाओं द्वारा अपितु विज्ञान, कला-कौशल तथा उद्योग-धन्धों द्वारा उपकृत करता था। भारतीय विद्वता का पौधा, जिसको प्राचीन विद्वानों ने अपने परिश्रम से सींचा था, आज दिनों-दिन सूखता जा रहा है।

***Difficult Words :*** पवित्र = holy, धार्मिक साहित्य = religious literature, आध्यात्मिक = spiritual, अद्वितीय = unique, चरित्रों = characters, वेदी = altar, स्वार्थ की भावना = feeling of selfness, सभ्यता = civilization, उच्च सिद्धान्त = high principle.

**(v)** हैदराबाद की जलवायु बहुत अच्छी है। न यहाँ अधिक गर्मी पड़ती है और न ही अधिक जाड़ा। यहाँ वर्षा खूब होती है लेकिन सड़कों पर कीचड़ नहीं दिखाई देता। पठारी इलाका होने की वजह से यहाँ पानी बह जाता है और कहीं सड़कों पर इकट्ठा नहीं होता। अब तो जनसंख्या बढ़ जाने से कुछ अधिक गर्मी पड़ने लगी है। बसन्त के आने पर प्रकृति की शोभा यहाँ बढ़ जाती है। रास्तों पर वृक्षों की ठंडी छाया रहती है। वाटिकाओं से फूलों की सुगन्ध आती रहती है। दूर-दूर तक हरियाली दिखाई पड़ती है। देखकर मन आनन्दित होता है।

***Difficult Words :*** जलवायु = climate, गर्मी = hot, जाड़ा = winter, वर्षा = rain, पठारी इलाका = mountain area, इकट्ठा = collect, प्रकृति की शोभा = glory of the nature, वाटिकाओं = gardens, ठंडी छाया = cold shadow, फूलों की महक = scent of flowers.

# Exaercise :: 37

***Translate the following passages into English :***

**(i)** भारतवर्ष एक महान देश है। इसका अतीत बहुत ही शानदार रहा है। विदेशी आक्रमणकारियों ने इस देश को लूटने का प्रयास किया। इसकी संस्कृति तथा इसके ज्ञान-विज्ञान को मिटाने का प्रयास किया। परन्तु देशप्रेमियों के बलिदान और बहादुरी के कारण वे सफल नहीं हुए। आज भी देश में किसी चीज की कमी नहीं है। यदि दिन दूनी-रात चौगुनी बढ़ती हुई जनसंख्या पर नियंत्रण हो जाये तो देश फिर समृद्ध हो जायेगा। पर्यावरण प्रदूषण देश की एक बड़ी समस्या है। इस ओर प्रत्येक देशप्रेमी नागरिक को जागरूक होने की आवश्यकता है। आपसी भाईचारा और मेल-जोल की भावना को सदैव बढ़ावा देने की आवश्यकता है। भारत एक महान देश था, आज भी है और सदैव रहेगा।

***Difficult Words :*** महान = great, शानदार = grand, लूटने का प्रयास किया = tried to rob, देश प्रेमियों = country lovers, बलिदान = sacrifice, बहादूरी = bravery, जनसंख्या = population, नियन्त्रण = control, पर्यावरण प्रदूषण = environmental pollution, नागरिक = citizen

**(ii)** भारत एक गौरवशाली प्राचीन राष्ट्र है। प्राचीन काल में हम सम्पन्न थे। देश में धन-धान्य की प्रचुरता थी। वृक्षों में फूल और फल तथा नदियों में स्वच्छ जल रहता था। लोगों में प्रेम व सौहार्द था। सभी एक दूसरे के सुख-दुःख में भागीदार थे। स्वतन्त्रता के अड़सठ वर्ष बाद भी आज हम पूर्णतया सुखी नहीं हैं। हमारी बढ़ती हुई जनसंख्या और साम्प्रदायिक दंगे प्रमुख समस्याएँ हैं। हमें ही उन्हें सुलझाना है। जब तक प्रत्येक देशवासी इसके लिए प्रयत्न नहीं करेगा, तब तक समस्या सुलझ नहीं सकती। आइये, हम सब प्रतिज्ञा करें कि हम देश में शान्ति, समृद्धि व सुख लाने का हर प्रकार से प्रयत्न करेंगे और भारत को पुनः 'विश्वगुरु' व 'सोने की चिड़िया' के गौरव से विभूषित करेंगे।

***Difficult Words :*** गौरवशाली = grandeur, प्राचीन काल में = in ancient times, स्वतन्त्रता = freedom, समस्यायें = problems, शान्ति = peace, समृद्धि = prosperity, सोने की चिड़िया = bird of gold.

**(iii)** मनुष्य को ईश्वर की ओर से समय रूपी शक्ति प्राप्त हुई है। जो व्यक्ति इस शक्ति का समुचित प्रयोग करता है उसे शारीरिक और आध्यात्मिक आनन्दों की प्राप्ति होती है। समय के सदुपयोग से अज्ञानी को ज्ञान, मुर्ख को बुद्धि, निर्बल को बल की प्राप्ति होती है। समय का सदुपयोग मनुष्य को देवता बना देता है। समय का उपयोग बहुमूल्य पदार्थों की भांति करना चाहिए। जो व्यक्ति ऐसा न करके व्यर्थ में समय रूपी धन को बर्बाद कर देता है, आलसी और अकर्मण्य बना रहता है वह आत्महत्या करता है। बेकार बैठे रहने के कारण न केवल समय बर्बाद होता है वरन् इसके कारण मन के विचार विकृत होते हैं, आत्मा कलुषित हो उठती है, आयु घट जाती है और आत्मानन्द, शान्ति और सन्तोष की प्राप्ति नहीं हो पाती।

प्रसिद्ध अंग्रेजी नाटककार शेक्सपीयर का कथन है कि समय ही जीवन है। ठीक ही है क्योंकि आयु तो समय से ही नापी जा सकती है।

***Difficult Words :*** ईश्वर = God, समुचित = properly, ज्ञान = knowledge, मूर्ख = foolish, बर्बाद= destroy, आत्महत्या = sucide, शान्ति = peace, समय ही जीवन है = life is time.

**(iv)** बिना साहस के मनुष्य का जीवन मिट्टी के ढेले के समान या निर्जीव मूर्ति के समान होता है। नेपोलियन के शब्दकोष में "असम्भव" शब्द था ही नहीं। आंधी हो या तूफान, मार्ग में पहाड़ आएँ या घने जंगल, सबको चीरते हुए, अपना मार्ग बनाते हुए, लक्ष्य पर पहुँचना ही नेपोलियन का सिद्धान्त था। इसी कारण नेपोलियन विश्व की महान विभूति बना। आपको जो कार्य करना है उसको अवश्व कीजिए। यदि आप दृढ़ प्रतिज्ञा हैं, तो विश्व की कोई भी शक्ति आपका मार्ग नहीं रोक सकती है। यह उद्यमी पुरुषों ने सिद्ध कर दिया है। उनका किसी ने मार्ग नहीं रोका, अगर रोका है, तो उसे असफल होना पड़ा है।

***Difficult Words :*** बिना साहस के = without courage, असम्भव = impossible, आंधी = storm, पहाड़ = mountain, नहीं रोक सकती = not prevent.

**(v)** प्रयत्न करना है तो फिर प्रार्थना क्यों? प्रयत्न करना है, इसीलिए तो प्रार्थना चाहिए, मैं प्रयत्न करने वाला हूँ। पर फल मेरी मुट्ठी में थोड़े ही है। फल तो ईश्वर की इच्छा पर अवलंबित है। मैं प्रयत्न करके भी कितना करूँगा? मेरी शक्ति कितनी अल्प है? ईश्वर की सहायता के बिना मैं अकेला क्या कर सकता हूँ? मैं सत्य की ओर अपना कदम बढ़ाता रहूँ तो भी ईश्वर की कृपा के बिना मैं मंजिल पर नहीं पहुँच सकता। मैं रास्ता काटने का प्रयत्न तो करता हूँ, पर अन्त में मैं रास्ता काटूँगा कि बीच में मेरे पैर कट जानेवाले हैं, यह कौन कह सकता है। इसलिए अपने ही बलबूते मैं मंजिल पर पहुँच जाऊँगा, यह घमंड फिजूल है।

***Difficult Words :*** प्रयत्न करना = to try, प्रार्थना = pray, फल = result, अवलंबित = depends, घमंड = proud, शक्ति = power.

**(vi)** एक बार दिल्ली के निकट एक गांव में महमूद ग़जनवी अपने सरदारों के साथ बैठा हुआ था। गांव उजड़ा हुआ था। लोग कई महीने पहले अपना सामान लेकर चल दिये थे। वहां किसी मनुष्य व जानवर को न पाने से महमूद को आश्चर्य हो रहा था। थोड़ी देर में उसकी दृष्टि उल्लुओं के एक जोड़े पर पड़ी। वे एक खंडहर पर बैठे हुए थे और बातचीत करते हुए मालूम पड़ते थे। महमूद ने अपने मंत्री को देखा और कहा, क्या तुमने एक वर्ष पहले मुझसे नहीं कहा था कि तुम चिड़ियों की बोली समझते हो? ये उल्लू क्या बातचीत कर रहे हैं? मंत्री ने उत्तर दिया—इन उल्लुओं में से एक बूढ़ा और दूसरा जवान है। जवान उल्लू बूढ़े उल्लू के लड़के से अपनी लड़की का विवाह करना चाहता है और दहेज में सौ उजड़े गाँव चहता है। इसके उत्तर में जवान उल्लू कह रहा है, ''महमूद गजनवी की कृपा से मैं तुम्हें एक हजार गाँव दहेज में दे सकता हूँ।'' महमूद को यह सुनकर बहुत अफसोस हुआ और एकदम वहाँ से चल दिया।

***Difficult Words :*** दिल्ली के निकट = near of Delhi, उल्लुओं = owls, दहेज = dowery, अफसोस = repetance.

# Exaercise :: 38

**(i)** बाल श्रम आधुनिक औद्योगिक समाज की एक कष्टदायक सच्चाई है। गरीबी ही बाल श्रम का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण कारण हो सकता है किन्तु केवल यही एक कारण नहीं है। प्राय: बच्चे इसलिए काम करते हैं क्योंकि उनके पास करने के लिए और कुछ नहीं होता है। विद्यालय उपलब्ध भी हैं तो पर्याप्त मात्रा में नहीं हैं या काफी खर्चीले हैं। मामला दो मोर्चों पर गंभीर होता जा रहा है। बढ़ते प्रवासन, शहरीकरण और औद्योगीकरण के फलस्वरूप बच्चों की असुरक्षा नये एवं बड़े खतरों को जन्म दे रही है और अर्थव्यवस्था के अनौपचारिक और अनियमित क्षेत्रों में बाल श्रमिकों की संख्या बढ़ रही है। उन बच्चों की हालत काफी दयनीय है जो 'बंधुआ' हैं या उनसे गुलाम की तरह बलपूर्वक काम लिया जाता है।

***Difficult Words :*** बाल श्रम = child-labour, औद्योगिक समाज = industrial society, गरीबी = poverty, पर्याप्त = enough, गंभीर = serious, शहरीकरण = urbanisation, गुलाम = slave.

**(ii)** भारत राष्ट्र-निर्माण का गौरवशाली इतिहास है। भारत के लोगों ने ही अपने श्रम से राष्ट्र को विश्व-प्रतिष्ठ किया है। दर्शन और संस्कृति के लिए वैदिक ऋषि, कपिल, बुद्ध, महावीर और शंकराचार्य जैसे पूर्वज उल्लेखनीय हैं। गणित के क्षेत्र में 'शून्य' की खोज, चिकित्सा के क्षेत्र में 'चरक-संहिता', व्याकरण के क्षेत्र में 'अष्टाध्यायी' ने विश्व को पहले ही बहुत कुछ देकर भारतीय ज्ञान की श्रेष्ठता साबित कर दी है। प्राचीन राष्ट्रीय एकता के लिए चन्द्रगुप्त मौर्य, अशोक, समुद्रगुप्त व हर्ष की राज्य व्यवस्थाएँ हैं।

***Difficult Words :*** राष्ट्र-निर्माण = Nation build, गौरवशाली इतिहास glorious history, दर्शन philosophy, शून्य = zero, व्याकरण = grammar, साबित कर दी है = proved, राष्ट्रीय एकता = national unity.

**(iii)** हम परिवर्तन के दौर में रह रहे हैं, किन्तु कुछ ऐसी चीजें हैं जिनका स्थायित्व, ताजगी और आकर्षण कभी कम नहीं, होता। भारत एक ऐसा ही देश है। एक ही समय पुरातन और नवीन। देश के नालंदा, तक्षशिला और विक्रमशिला जैसे विश्वविद्यालयों का समृद्ध इतिहास रहा है। आज हमें तकनीक के माध्यम से वर्तमान समस्याओं का समाधान कर भारत के प्राचीन गौरव की पुनर्स्थापना

करनी है। हमें पुन: विश्व में भारतीय ज्ञान की श्रेष्ठता सिद्ध करनी है और ऐसा तभी सम्भव है जब हम अतीत के स्वर्णिम पृष्ठों को पलटकर वर्तमान के सन्दर्भ में उन्हें योजित कर सकें।

***Difficult Words* :** परिवर्तन = change, चीजें = things, स्थायित्व = stability, ताजगी = freshness, आकर्षण = attraction, पुरातन एवं नवीन = old and new, समृद्ध = prosperous, वर्तमान समस्याओं = present problems, समाधान = solution, विश्व = world, सम्भव = possible.

**(iv)** रात अंधेरी थी। घड़ी में बारह बज रहे थे। कुत्ते भी नहीं भौंक रहे थे। मैं गहरी नींद में सो रहा था। मैं जोरों की आवाज सुनकर एकाएक जाग उठा। मैंने देखा सभी लोग एक ही ओर भाग रहे हैं। कुछ लोग पानी लिए जा रहे थे। कुछ धूल लिए जा रहे थे। कुछ लोग अपने हाथों में लाठी लिए हुए थे और कुछ खाली हाथ भी जा रहे थे। कुछ देर मैं समझ न सका कि क्या बात है। मैं खाट पर लेटा रहा। कुछ देर में आसमान में ढेर सारा धुआँ और रोशनी दिखाई पड़ी। ज्ञात हुआ कि एक मकान में आग लग गई थी और सब लोग भाग गए थे। किन्तु एक माँ अपने बच्चे के साथ उस मकान में जल रही थी। माँ के महान प्रेम को कौन नहीं जानता। माँ का प्यार नि:स्वार्थ प्रेम का सबसे उत्कृष्ट उदाहरण है।

***Difficult Words* :** अँधेरी = dark, भौंक रहे थे = were barking, आवाज = sound, खाट = cot, आसमान = sky, रोशनी = light, नि:स्वार्थ = selfless, प्रेम = love, उदाहरण = Example.

**(v)** मुंशी प्रेमचन्द एक महान साहित्यकार थे। उनका जन्म लमही नामक ग्राम में हुआ था। एक साधारण परिवार में जन्म लेकर भी उन्होंने पूरे विश्व में अपना नाम रोशन किया। हिन्दी तथा उर्दू दोनों भाषाओं पर उनका समान अधिकार था। उपन्यास तथा कहानियाँ लिखने में वे माहिर थे। उनके उपन्यासों में भारतीय समाज का अनोखा वर्णन मिलता है। उनकी किताबों का दुनिया में कई भाषाओं में अनुवाद हुआ है। यही कारण है कि उन्हें उपन्यास सम्राट कहा जाता है। एक सफल अध्यापक के रूप में भी वे काफी लोकप्रिय रहे। कम पढ़ा-लिखा व्यक्ति भी उनकी पुस्तकों को पढ़ने में काफी रुचि लेता है।

***Difficult Words* :** महान साहित्यकार = great literature, ग्राम = village, भाषाओं = languages, उपन्यासों = novels, कहानियाँ = stories, अनुवाद = translation, सम्राट = Emperor, लोकप्रिय = popular, रुचि = interest.

**(vi)** मधुमेह रोगी के लिए खाना सिर्फ़ भूख मिटाने का ज़रिया नहीं होता, बल्कि इससे उनके शरीर में शुगर लेवल भी मेंटेन होता है। मधुमेह रोगी के लिए अपने शुगर लेवल को मेंटेन रखना बहुत ज़रूरी होता है क्योंकि अगर उनका शुगर लेवल गिरेगा या बढ़ जाएगा तो दोनों ही स्थितियों में उन्हें परेशानी आएगी। चूँकि यह बीमारी किसी भी व्यक्ति के साथ ताउम्र रहती है और कभी भी खत्म नहीं होती, इसलिए इससे निकलने का एकमात्र तरीका यह है कि उचित मात्रा में खाना खा कर शुगर को कंट्रोल रखा जाए। यही एक तरीका है जिसके द्वारा मधुमेह के साथ भी हेल्दी ज़िंदगी जी जा सकती है। मधुमेह रोगी के पेट में गया हर निवाला महत्त्व रखता है।

***Difficult Words* :** मधुमेह = diabeties, भूख = hungry, जरूरी = necessary, परेशानी = problem, जिन्दगी = life, महत्त्व = importance.

**(vii)** असफलता से हमें कभी निराश नहीं होना चाहिए। सफलता और असफलता बहनें हैं। असफलता हमारी आँखें खोलती है और हमारी कमजोरियों को उजागर करती है। उन्हें दूर कर हम पुनः सफल हो सकते हैं। बड़े-बड़े वैज्ञानिक अपने प्रयोग में असफल होते हैं। बड़े-बड़े योद्धा युद्ध के मैदान में पराजित होते हैं। महान नेता चुनाव में हार जाते हैं। पर वे निरन्तर प्रयास करते रहते हैं और एक दिन अवश्य सफल होते हैं। मार्ग की कठिनाइयों को देखकर कभी निराश नहीं होना चाहिए। यदि हम दृढ़ निश्चय कर लें तो कोई भी चीज असम्भव नहीं। जीवन संघर्ष का ही दूसरा नाम है; यह फूलों की सेज नहीं।

***Difficult Words* :** निराश = hopeless, कमजोरियाँ = weakness, वैज्ञानिक = scientist, योद्धा = warrior, पराजित = defeated, महान नेता = great leader, प्रयास = effort, मार्ग = way, जीवन = life, संघर्ष = struggle, फूलों = flowers, सेज = bed.

# Exaercise :: 39

**(i)** स्वामी विवेकानन्द देश के एक महान सपूत थे। पश्चिमी देशों में उन्होंने भारत का झण्डा ऊँचा किया। उनका जन्म कोलकाता के एक संभ्रान्त बंगाली परिवार में हुआ था। उनका बचपन का नाम नरेन्द्र था, परन्तु संन्यासी होने पर वे विवेकानन्द बन गये। गुरु से मिली शिक्षा को उन्होंने अपने जीवन में उतारने का सफल प्रयास किया। राष्ट्रधर्म को मानवधर्म से जोड़कर स्वामी जी ने देश को एक नई दिशा दिया। उन्होंने अमेरिका के शिकागो नामक शहर में अपने ज्ञान से सारे विश्व को आकर्षित किया। उनका व्यक्तित्व इतना सौम्य और आकर्षक था कि हर व्यक्ति उनसे प्रभावित हो जाता था। केसरिया वस्त्र और सर पर पगड़ी उनकी एक अलग पहचान थी। विदेश से लौटने पर उन्होंने देशवासियों से कहा, "अंग्रेजी पढ़ो, परन्तु अंग्रेज मत बनो।" कृतज्ञ राष्ट्र स्वामी जी को सदैव याद करता रहेगा।

***Difficult Words* :** महान सपूत = great son, झण्डा = flag, बचपन = childhood, सफल प्रयास = success effort, राष्ट्रधर्म = National religion, मानव धर्म = human religion, आकर्षित किया = attracted, व्यक्तित्व = personality, कृतज्ञ = gratitude.

**(ii)** विज्ञापन आज के औद्योगिक युग में बहुत महत्ता रखते हैं - व्यापारी के नज़रिए से भी और आम जनता के दृष्टिकोण से भी। विज्ञापन व्यापारी के हाथ में एक पुर्जे के समान है जिसे वह अपनी चीजें बेचने के लिए इस्तेमाल करता है। वह लोगों को आकर्षित करने के लिए टी.वी. पर भी विज्ञापन देता है और अखबारों तथा पत्रिकाओं में भी अपनी वस्तु या सेवा की चर्चा करवाता है। लोग इन्हें देखकर आकर्षित हो ही जाते हैं और इस प्रकार व्यापारियों की अधिक बिक्री होने लगती है। अतः ऐसे पाते हैं व्यापारी विज्ञापनों से लाभ।

***Difficult Words* :** विज्ञापन = advertisement, औद्योगिक युग = industrial age, महत्ता = importance, दृष्टिकोण = outlook, व्यापारी = businessman, अखबारों = newspaper, पत्रिकाओं = magazines.

●